डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Chhenal Search @rojgaraurnirman

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मुख्यमंत्री का संबोधन

जनसहयोग से होगा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का नव निर्माण

जनभागीदारी से होगा योजनाओं का क्रियान्वयन

पिछड़ा वर्ग के लिए गठित किया जायेगा नया आयोग

जनजातियों को दिए जाएंगे सामुदायिक वन प्रबंधन के अधिकार

"भोपाल, मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए हर नागरिक को अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करना होगा। प्रदेश के निर्माण के लिए जनता के साथ मिलकर निर्णय लेने के उद्देश्य से प्रदेश में जनभागीदारी मॉडल विकसित किया गया है। प्रदेश में विभिन्न वर्गों की पंचायतों का आयोजन पुनः आरंभ किया जाएगा। जनता के कल्याण की योजनाएं जनता के साथ मिलकर बनाई जाएंगी और उनका क्रियान्वयन भी जनता के माध्यम से होगा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण जनभागीदारी से किया जाएगा। हमें जनता का सहयोग चाहिए जनसहयोग के बिना अकेली सरकार प्रदेश का नव निर्माण नहीं कर सकती है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए प्रदेश के नागरिकों को ईमानदारी से अपने कर्तव्य और दायित्वों का पालन करने, कोरोना अनुकूल व्यवहार के पालन, बेटियों का सम्मान करने और स्वच्छता अभियान में भाग लेने का संकल्प लेना होगा। हम मिलकर समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित लाल परेड मैदान पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण करने के बाद जनता को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर दिये गये भाषण के संपादित अंश 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित किये जा रहे हैं।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प के अनुपालन में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में हमारा प्रदेश देश में प्रथम रहेगा। प्रदेश के मस्तक पर जनभागीदारी की कुम-कुम और सुशासन के अक्षत से आत्मनिर्भरता का तिलक करें।

समावेशी विकास और सामाजिक न्याय

श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार समावेशी विकास के साथ सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। अन्य पिछड़ा वर्ग का मामला हो, अनुसूचित जाति- अनुसूचित जनजाति वर्ग का कल्याण हो या महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का विषय हो, राज्य सरकार प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के बहनों-भाइयों की भावनाओं, संस्कृति, जीवन मूल्य, परंपरा, रोज़गार और शिक्षा के लिए 18 सितम्बर को रघुनाथ शाह शंकरशाह के बलिदान दिवस से विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा जो 15 नवम्बर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती तक चलेगा। अभियान में कला और संस्कृति की रक्षा, रोज़गार के अवसरों की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य रक्षा और जागरूकता के लिए विशेष गतिविधियां चलाई जाएंगी। सरकार द्वारा 'देवारण्य' योजना प्रारंभ की जा रही है।

अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग की सुरक्षा, सम्मान, रोज़गार और शिक्षा की भरपूर चिंता की जाएगी। बजट में इसके लिए 17 हजार 980 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संविधान में संशोधन कर पिछड़ा वर्ग के बहनों और भाइयों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक आयोग का दर्जा दिया गया है। हमारी सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पिछड़े वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए एक नया आयोग गठित किया जाएगा, जो व्यापक पैमाने पर पिछड़ा वर्ग की स्थितियों का अध्ययन कर उनकी स्थिति में सुधार के लिए अपनी अनुशंसाएं देगा।

सामान्य निर्धन वर्ग का कल्याण

श्री चौहान ने कहा कि सामान्य निर्धन वर्ग का कल्याण भी सुनिश्चित किया जाएगा। अल्पसंख्यक समुदाय घुम्मकड़ और अर्द्ध घुम्मकड़ को भी स्थाई बसेरा मिले और वे समाज की मुख्यधारा में लौट आएं। इसके लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे।

सांस्कृतिक विविधता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की संस्कृति पर्याप्त समृद्ध है। यहां की सांस्कृतिक विविधता अद्‌भुत है। ओंकारेश्वर में अद्वैत वेदांत संस्थान स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, यहां आचार्य शंकर की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा अनुसंधान कार्य भी होंगे। देवी अहिल्या बाई और बाजीराव पेशवा का स्मारक बनाने के साथ-साथ ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विशाल स्मारक बनाया जाएगा।

माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

श्री चौहान ने प्रदेश में माफियाओं के विरुद्ध चले अभियान की सफलता के लिए पुलिस को बधाई दी। पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से लैस करने, नई तकनीक उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है। शराब माफियाओं के विरुद्ध कठोर अभियान निरंतर जारी है। इस दिशा में कड़े प्रावधान किए गए हैं। अवैध शराब और जहरीली शराब के कारोबार में लगे अपराधियों के लिए फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में माताओं बहनों की सुरक्षा के लिए मुस्कान अभियान संचालित हैं इसके अच्छे परिणाम आए हैं।

कर्मचारियों के हित का ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक ले जाने में कर्मचारी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पिछले दिनों आर्थिक संकट के कारण अपेक्षित महंगाई भत्ता और सुविधाएं कर्मचारियों को देने में राज्य सरकार असमर्थ रही है। अर्थव्यवस्था पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं। जल्द ही कर्मचारियों को भत्ते आदि दिलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की।

कोविड प्रबंधन एवं टीकाकरण

श्री चौहान ने कहा कि कोविड प्रबंधन के लिए हमारी रणनीति के पांच स्तम्भ हैं- आइडेंटीफिकेशन, टेस्टिंग, आईसोलेशन, ट्रीटमेंट एवं वैक्सीनेशन। संनियोजित रणनीति, त्वरित निर्णय और साझे प्रयासों के चलते मध्यप्रदेश, कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने में भी सफल रहा है। कोविड संक्रमण से बचाव का एक प्रमुख उपाय है- टीकाकरण। मध्यप्रदेश में टीकाकरण को एक जन-उत्सव का रूप दिया गया है।

जनभागीदारी मॉडल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जन-सहभागिता के साथ निर्णय की पद्धति को मूल मंत्र बनाकर हर स्तर पर समाज को कोविड संबंधी निर्णयों में भागीदार बनाया। नियंत्रण और निर्णय भोपाल से नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए लिए गए। प्रत्येक जिले में जिला, विकासखण्ड, वार्ड और ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप्स का गठन किया गया। मध्यप्रदेश के जन-भागीदारी आधारित कोरोना आपदा प्रबंधन मॉडल को पूरे देश में सराहना मिली है।

आयुष्मान भारत-निरामयम् मध्यप्रदेश योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद को समय पर उपचार मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'आयुष्मान भारत- निरामयम् मध्यप्रदेश' योजना में हमने प्रत्येक पात्र परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की राशि के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है। अब तक 2 करोड़ 50 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान होम आइसोलेशन में रह रहे रोगियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए 'योग से निरोग' कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रदेश के लगभग 3 हजार योग प्रशिक्षकों द्वारा 1 लाख 15 हजार से अधिक मरीजों को योग, आसन एवं प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया।

आत्मनिर्भर भारत

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के चार स्तंभों-भौतिक अधोसंरचना, सुशासन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार के लिए निर्धारित आउटकम्स एवं आउटपुट्स की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।

अधोसंरचना विकास

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अधोसंरचना, विकास का आधार है। प्रदेश में वर्ष 2024-25 तक सिंचाई क्षमता को 65 लाख हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य है। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से मध्यप्रदेश को 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई, 41 लाख आबादी को पेयजल तथा 103 मेगावॉट की विद्युत सुविधा प्राप्त हो सकेगी। प्रदेश में इस वर्ष 2 हजार किलोमीटर लम्बाई की सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन, ढाई हजार किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण और 80 बड़े पुल एवं रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

बिजली पर 21 हजार करोड़ का अनुदान

श्री चौहान ने कहा है कि विद्युत के क्षेत्र में निरंतर आत्मनिर्भर बने रहने के लिए विद्युत उपलब्धता में इस साल 2 हजार 200 मेगावॉट की वृद्धि की योजना है। खेती और घरेलू उपयोग के लिए राज्य सरकार द्वारा बिजली पर लगभग 21 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है, ताकि हर गरीब को सस्ती दर पर बिजली मिल सके।

हर घर तक नल द्वारा पेयजल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हर गांव में घर-घर तक पीने का शुद्ध जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ किया। इस मिशन के अंतर्गत हमने वर्ष 2023 तक प्रदेश के कुल एक करोड़ 22 लाख ग्रामीण परिवारों के हर घर में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया है।

किसानों का कल्याण

श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में वर्ष 2021-22 में प्रथम किश्त के रूप में 75 लाख किसानों को लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लगभग 81 लाख किसानों को अब तक लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की राशि का वितरण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लगभग 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दावा राशि का 45 लाख 40 हजार से जयादा पात्र किसानों को भुगतान किया जा चुका है। वर्ष 2020-21 में प्राथमिक सहकारी साख समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का फसल ऋण वितरित किया गया है। इस साल 17 लाख 94 हजार किसानों से लगभग 130 लाख मीट्रिक टन गेहूं, चना एवं मसूर का उपार्जन कर लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का उन्हें भुगतान किया गया है।

स्वामित्व योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 30 जिलों में आबादी सर्वे का कार्य प्रचलित है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिस भूमि पर मकान बने हैं, उस पर स्वामित्व सम्बंधित लोगों को दिया जा रहा है। एक हजार 826 गांवों के पौने तीन लाख से ज्यादा हितग्राहियों के अधिकार अभिलेख तैयार हो गए हैं।

पूंजी निवेश में वृद्धि

श्री चौहान ने कहा कि सकारात्मक निवेश वातावरण के कारण प्रदेश में पूंजी निवेश में वृद्धि हुई है। व्यापार को सरल बनाने की दिशा में हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत सभी जिलों के 64 विशिष्ट उत्पादों का चयन कर लिया गया है। लोकल को वोकल बनाने की दिशा में यह एक सार्थक कदम है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के क्लस्टर आधारित विस्तार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में फर्नीचर, खिलौना, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग आदि विभिन्न क्षेत्रों के 13 क्लस्टर विकसित किए जायेंगे।

स्वच्छता में आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में इंदौर शहर लगातार चौथी बार देश में सबसे स्वच्छ शहर और भोपाल स्वच्छतम स्व-संवहनीय राजधानी बना है। प्रदेश के 74 शहर ओ.डी.एफ. प्लस और 290 शहर ओ.डी.एफ. डबल प्लस प्रमाण-पत्र पाने में सफल रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 08 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

14 अगस्त

भारत में 46 हुई रामसर स्थलों की संख्या, चार नए स्थल शामिल

● देश के चार और वेटलैंड्स को रामसर सचिवालय से रामसर स्थलों के रूप में मान्यता मिल गई है। गुजरात का थोल, बाधवाना, हरियाणा के सुल्तानपुर और भिंडावास को इस सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की संख्या 46 हो गई है। हरियाणा को पहली रामसर साइट मिली है। वहीं गुजरात को नलसरोवर के बाद तीन और स्थान मिल गए हैं, जिसे 2012 में अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड्स घोषित किया गया था। रामसर सूची का उद्देश्य आर्द्रभूमि के एक ऐसे अंतर्राष्ट्रीय तन्त्र (नेटवर्क) को विकसित करना और सुरक्षित बनाए रखना है, जो वैश्विक जैविक विविधता को संरक्षित करने और सुरक्षित रखने का काम करती हैं। वेटलैंड्स से भोजन, पानी, रेशा, भू-जल का पुनर्भरण, जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण, भूमि के कटाव का नियंत्रण और जलवायु विनिमयन जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों और इको-सिस्टम सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्राप्त होती हैं।

● पिछले वर्ष मानसून में हुई अच्छी बारिश के चलते चावल, गेहूं और दालों का अच्छा उत्पादन होने से भारत का खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2020-21 में 3.74 प्रतिशत बढ़कर 30.865 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के मुताबिक चावल, गेहूं, मक्का, दलहन और तिलहन में रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान है। फसल वर्ष 2019-20 (जुलाई-जून) में देश का खाद्यान्न उत्पादन (गेहूं, चावल, दाल और मोटे अनाज सहित) रिकॉर्ड 29.75 करोड़ टन हुआ था। फसल वर्ष 2020-21 के लिए चौथा अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कृषि मंत्रालय ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन अधिक होने का अनुमान है।

15 अगस्त

यूपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा वर्ष 2022 का एग्जाम कैलेंडर किया जारी

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने वर्ष 2022 के लिए वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम

सत्यमेव जयते
Government of India
Union Public Service Commission

(एग्जाम कैलेंडर) 2022 जारी कर दिया है। परीक्षा शेड्यूल के अनुसार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का नोटिफिकेशन 2 फरवरी 2022 को जारी होगा, परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 22 फरवरी रखी गई है। जबकि इसकी परीक्षा 5 जून को आयोजित होगी। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की परीक्षा के लिए भी यही शेड्यूल लागू होगा। इसके अलावा आयोग ने अन्य सभी परीक्षाओं का शेड्यूल भी जारी किया है। इसमें यूपीएससी आईईएस, आईएसएस परीक्षा 24 जून को और कंबाइंड जियो-साइंटिस्ट मेन परीक्षा 20 फरवरी को आयोजित होगी। एनडीए, एनए-1 और यूपीएससी संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएस) की परीक्षा 10 अप्रैल 2022 को रखी गई है।

● कैरिबियाई देश हैती में 10 साल बाद आए भीषण भूकंप में 27 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जबकि हजारों लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है। जिस आबादी ने इस भूकंप को महसूस किया है वहां करीब 5 लाख लोग रहते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.2 दर्ज की गई है। भूकंप का झटका इतना तेज था कि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार इस भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस से लगभग 150 किलोमीटर पश्चिम में पेटिट ट्रौ डी निप्प्स शहर से 8 किमी दूर जमीन में 10 किलोमीटर अंदर था। इस भूकंप के कारण हैती को अपनी जीडीपी का 3 फीसदी तक नुकसान हो सकता है।

16 अगस्त

एआरडब्ल्यूयू की रैंकिंग में आईआईएससी बेंगलुरु को देश में मिला पहला स्थान

● एकेडमिक रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटी (एआरडब्ल्यूयू) 2021 जारी हो गई है।

ACADEMIC RANKING OF WORLD UNIVERSITIES SINCE 2003

इस रैंकिंग लिस्ट में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरु को देश में बेस्ट यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया है। वहीं कलकत्ता यूनिवर्सिटी दूसरे स्थान पर रही है। शंघाई रैंकिंग कंसल्टेंसी द्वारा जारी एआरडब्ल्यूयू रैंकिंग हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की प्रमुख और विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त रैंकिंग में से एक है। एआरडब्ल्यूयू की ओर से हर वर्ष दुनिया की लगभग 1 हजार यूनिवर्सिटी और एजुकेशनल इंस्टीट्यूट को लेकर समीक्षा की जाती है। इस वर्ष की सूची में भारत से एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी को तीसरा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) दिल्ली को चौथा स्थान मिला। पांचवे नंबर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) खड़गपुर, छठवें स्थान पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) मद्रास और जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी सूची में सातवें स्थान पर हैं। वहीं, दिल्ली यूनिवर्सिटी को आठवां और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) को 9वां स्थान मिला। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) को 10वां स्थान मिला।

● जर्मनी अपने सभी 12 परमाणु ऊर्जा स्टेशन लगभग बंद कर चुका है। इनमें से तीन स्टेशन में 2022 के आखिरी तक नाम मात्र का काम होगा। जर्मनी ने जापान के फुकुशिमा हादसे से सबक लिया था। दरअसल, दस साल पहले उत्तरी जापान में फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर स्टेशन में सुनामी आ गई थी। इस आपदा से जापान में भारी जन-धन का नुकसान हुआ था। इसे दुनिया के बड़े परमाणु हादसों में गिना जाता है। घटना के बाद जर्मनी ने अपने सभी परमाणु ऊर्जा स्टेशन बंद करने का फैसला किया था। उसने कुछ महीनों में ही अपने शुरुआती परमाणु ऊर्जा स्टेशन बंद कर दिए थे। अब जर्मनी चाहता है कि यूरोप के अन्य देश भी उसकी राह पर चलें।

● मलेशिया के प्रधानमंत्री मुहिउद्दीन यासीन ने 18 महीने से भी कम समय के कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। यासीन ने अपना इस्तीफा मलेशिया नरेश को सौंपा। यासीन मार्च 2020 में मलेशिया के प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया था कि उनके पास सरकार चलाने के लिए पर्याप्त बहुमत नहीं है। यासीन की सरकार निम्नतम स्तर के बहुमत पर चल रही थी और गठबंधन के सबसे बड़े दल के 12 से अधिक सांसदों के समर्थन वापस लेने के बाद यह सरकार गिर गई। मुहिउद्दीन के इस्तीफे ने पहले से वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहे मलेशिया में अब राजनीतिक संकट भी खड़ा कर दिया है। नेताओं के बीच शीर्ष पद के लिए होड़ शुरू हो गई है।

17 अगस्त

एनटीए ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एडमिशन की प्रवेश परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन किए शुरू

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए आयोजित

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

की जाने वाली प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी - 2021) के आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रतिभागी 1 सितंबर तक इस परीक्षा के लिये आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 2 सितंबर रखी गई है। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा 15, 16, 23 और 24 सितंबर 2021 को होगी। प्रवेश परीक्षा कम्प्यूटर बेस्ड मोड (सीबीटी) पर होगी। परीक्षा देश की 12 सेंट्रल यूनिवर्सिटी में संचालित इंटीग्रेटेड/अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस में एडमिशन के लिए होगी। एनटीए ने हेल्प डेस्क नंबर 011 40759000 जारी किया है, प्रतिभागी फोन करके या वेबसाइट cucet.nta.nic.in पर विजिट कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस प्रतिभागी के लिए आवेदन शुल्क 800 रुपये है, वहीं एससी/एसटी/ट्रांसजेंडर प्रतिभागियों के लिए आवेदन शुल्क 350 रुपए है।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने देश में वित्तीय समावेशन की सीमा को मापने और सुधारने के लिए फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडेक्स (एफआई-इंडेक्स) पेश किया है। यह इस साल अप्रैल में पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति में की गई घोषणाओं का हिस्सा है। आरबीआई के अनुसार फाइनेंशियल इंक्लूजन इंडेक्स हर साल जुलाई में प्रकाशित किया जाएगा। एफआई इंडेक्स को सरकार और संबंधित क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक के साथ-साथ पेंशन सेक्टर के विवरण को शामिल करते हुए एक कॉम्प्रेहेंसिव इंडेक्स के रूप में विकसित किया है। मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए एफआई इंडेक्स 53.9 था, जबकि मार्च 2017 को समाप्त अवधि में यह 43.4 था। आरबीआई के अनुसार इंडेक्स की विशेषता क्वालिटी पैरामीटर है, जो वित्तीय साक्षरता, उपभोक्ता संरक्षण और सेवाओं में असमानताओं और कमियों से फाइनेंशियल इन्क्लूजन के गुणवत्ता पहलू का पता लगाती है।

● अमेरिका कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के तेजी से फैलने और संक्रमण से लंबे समय तक बचाए रखने के लिए बूस्टर खुराक लगवाने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी अमेरिकियों को कोविड-19 टीके की दूसरी खुराक लेने के आठ महीने बाद बूस्टर खुराक देने की सिफारिश कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार अमेरिका अगले दो सप्ताह में फैसला कर सकता है कि क्या अमेरिकियों को सर्दियों में कोरोना वायरस से बचाने के लिए बूस्टर खुराक देना है या नहीं। देश में सबसे पहले स्वास्थ्य सेवा कर्मियों और बुजुर्ग अमेरिकियों को यह खुराक दिए जाने की संभावना है।

18 अगस्त

आरबीआई ने लॉकर के नियम में किया बदलाव

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक लॉकर किराए पर लेने से संबंधित

भारतीय रिज़र्व बैंक · RESERVE BANK OF INDIA ·

दिशानिर्देशों में बदलाव किया हैं। नए दिशानिर्देशों के तहत आग लगने की घटना, चोरी, इमारत ढहने तथा बैंक कर्मचारियों द्वारा धोखाधड़ी के मामलों में लॉकर को लेकर बैंक का दायित्व उसके सालाना किराए के 100 गुना तक सीमित रहेगा। लॉकरों के बारे में संशोधित दिशा-निर्देश 1 जनवरी 2022 से लागू होंगे। बैंकों को लॉकर करार में एक नया प्रावधान शामिल करना होगा, जिसके तहत लॉकर किराए पर लेने वाला व्यक्ति उसमें कोई भी गैरकानूनी या खतरनाक सामान नहीं रख सकेगा।

● विदेश मंत्री श्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में प्रौद्योगिकी एवं शांति स्थापना पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन का कार्य विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी जारी है। इसमें आतंकवादी, सशस्त्र समूहों और राज्य-विरोधी तत्वों से मुकाबला शामिल है। केंद्रीय विदेश मंत्री ने शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षमताओं को मजबूती देने पर भी जोर दिया। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस भी मौजूद थे। केंद्रीय विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका को रेखांकित किया और शांति बनाए रखने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

● केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने और अगले पांच वर्षों में पॉम तेल की घरेलू पैदावार को प्रोत्साहित करने के लिये 11,040 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- आयल पॉम को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत कुल परिव्यय में से 8844 करोड़ रुपये केंद्र सरकार, जबकि 2196 करोड़ रुपये राज्य सरकारों को खर्च करना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुये इस नई केंद्रीय योजना की घोषणा की थी, जिसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई है।

19 अगस्त

आईआईटी कानपुर में स्थापित हुआ शिवानी केंद्र

● भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में पढ़ने वाले छात्र अंग्रेजी में पारंगत होते हैं, लेकिन अन्य भाषाओं में उनकी पकड़ कमजोर रहती है। इसको देखते हुए आईआईटी कानपुर ने परिसर में शिवानी केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र में हिन्दी के साथ अन्य भारतीय भाषाओं में आईआईटी के छात्र निपुण होंगे। साथ ही छात्रों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे और उनका व्यक्तिगत विकास भी होगा। यह केंद्र हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए मदद करेगा। यह केंद्र छात्रों को हिंदी में किताबें और दूसरे जरूरी डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराएगा।

● देश में बढ़ती बाघों की संख्या को देखते हुए अब उनके रहने के नए ठिकानों की खोजबीन शुरू हो गई है। यही वजह है कि इन दिनों पहले से मौजूद बाघ अभ्यारण्यों की क्षमता का अध्ययन किया जा रहा है। यह अध्ययन इसलिए हो रहा ताकि यह जानकारी प्राप्त हो सके कि किस राज्य के अभ्यारण्यों में बाघ की संख्या क्षमता से अधिक हो गई है। इसके आधार पर फिर इन बाघों को एक अभ्यारण्य से निकाल कर नए अभ्यारण्यों में भेजे जाने की योजना है।

20 अगस्त

कोरोना वायरस का पता लगाने 50 करोड़ के पार पहुंची जांच संख्या

● भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश में

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH NEW DELHI नई दिल्ली

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH

कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए नमूनों की जांच संख्या 50 करोड़ के पार हो गई है। इस महीने में औसत दैनिक जांच संख्या 17 लाख से ज्यादा है। आईसीएमआर के मुताबिक 10 करोड़ नमूनों की जांच तो महज पिछले 55 दिन में हुई है। 21 जुलाई 2021 को भारत में कुल नमूनों की जांच संख्या 45 करोड़ थी। यह संख्या 18 अगस्त 2021 को 50 करोड़ के पार हो गई। आईसीएमआर देश में तकनीक और किफायती जांच किट में नवाचार को बढ़ावा देकर कोविड-19 जांच क्षमता को विस्तार दे रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देशभर में टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 56.64 करोड़ डोज टीके लजाए जा चुके हैं।

● संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि ईरान ने परमाणु हथियार बनाने लायक यूरेनियम का संवर्धन कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पश्चिमी देशों की चिंता बढ़ गई है। ईरान ने अप्रैल में यूरेनियम की शुद्धता बीस फीसदी से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर ली है। ऐसा उसने नतांज साइट पर विस्फोट और बिजली कटने की घटनाओं के बाद किया है। ईरान का यह कदम उस पर लगे कई प्रतिबंधों को तोड़ने के साथ ही 2015 के परमाणु सौदे के भी विपरीत है। इस सौदे के तहत ईरान को महज 3.67 फीसदी यूरेनियम संवर्धन ही छूट थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 34 23.08.2021 से 29.08.2021

रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

वन्य जीव संरक्षण में आदर्श राज्य मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश को प्रकृति ने अतिसमृद्ध हरित प्रदेश बनाया है। मध्यप्रदेश ने इसलिये वन्य प्राणी संरक्षण और प्रबंधन पर विशेष ध्यान देकर वन्य प्राणी समृद्ध प्रदेश बनाने में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी है। परिणाम सामने है कि प्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल है। अब तेंदुओं की संख्या भी देश में सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश में है। घड़ियाल और गिद्धों की संख्या के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश नंबर वन बनने की स्थिति में आ चुका है। सुखद पहलू यह है कि सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की संभावित सूची में शामिल किया गया है। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व बाघ सहित कई वन्य जीवों की आदर्श आश्रय स्थली और प्रजनन के लिये सर्वाधिक अनुकूल स्थान है। तीन साल पहले वर्ष 2018 में हुई बाघों की गणना में 526 बाघ होने के साथ प्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला। इन बाघों में लगभग 60 फीसदी टाइगर रिज़र्व के क्षेत्रों में जबकि 40 फीसदी बाघ अन्य वन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में सर्वाधिक 124 बाघ मौजूद हैं। इस वर्ष अक्टूबर माह में 3 चरणों में होने वाली बाघों की गणना के प्रारंभिक रुझानों के आधार पर विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि बाघों की संख्या के मामले में मध्यप्रदेश पुनः शीर्ष पर होगा। यह संख्या 700 से ज्यादा होने की उम्मीद है। टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने में अतिविशिष्ट योगदान देने वाली पेंच टाइगर रिज़र्व की 'कॉलरकली' बाघिन के नाम विश्व में सबसे ज्यादा प्रसव और शावकों के जन्म का अनूठा कीर्तिमान भी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पिछले डेढ़ दशक के दौरान श्रेष्ठ और सतत वन्य प्राणी प्रबंधन के प्रयासों से यह मुकाम हासिल हुआ है। संरक्षित क्षेत्रों के बाहर के वनों में वन्य प्राणी प्रबंधन, पशु-हानि, जन-घायल एवं जन-हानि प्रकरणों की दक्षता एवं त्वरित निपटारा, मानव वन्य प्राणी द्वंद्व का श्रेष्ठ प्रबंधन, वन्य प्राणी अपराध पर कठोर नियंत्रण, वन्य प्राणी रहवासों का बेहतर प्रबंधन, स्थानीय समुदायों के संरक्षण प्रयासों में भागीदारी, संरक्षित क्षेत्रों से ग्रामों का विस्थापन और उच्च गुणवत्ता के अतिरिक्त वन्य प्राणी रहवासों की उपलब्धता आदि के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश को यह गौरवान्वित करने वाली उपलब्धियां हासिल हुई हैं। पिछले साल के अंत में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री द्वारा तेंदुओं की आबादी की अखिल भारतीय आकलन की प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 12,852 तेंदुए थे। अकेले मध्यप्रदेश में यह संख्या 3,421 आंकी गई है। देशभर में तेंदुए की आबादी में औसतन 60 फीसदी वृद्धि हुई, जबकि प्रदेश में यह वृद्धि 80 फीसदी थी। देशभर में तेंदुओं की संख्या में 25 प्रतिशत अकेले मध्यप्रदेश में हैं। मध्यप्रदेश में वन्य प्राणी संरक्षण की निरंतरता और सफलता में जनसमुदायों की भागीदारी को महत्वपूर्ण घटक बनाया गया है। दो दशक पहले प्रावधान किया गया था कि संरक्षित क्षेत्रों में पर्यटन से होने वाली आय संरक्षित क्षेत्र में ही विकास निधि के रूप में रहकर विकास कार्य में उपयोग में लायी जाये। बाद के वर्षों में यह प्रावधान समाहित किया गया कि विकास निधि की एक तिहाई राशि संरक्षित क्षेत्र के समीप रहवास करने वाले ग्रामीणों को बिना शर्त प्रदाय की जायेगी। इस व्यवस्था से स्थानीय समुदायों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उपकरण के रूप में उपयोगी साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष संरक्षित क्षेत्रों से तकरीबन 30 करोड़ रुपये की विकास निधि संचित कर विकास कार्यों में उपयोग की जा रही है। समस्त संसाधनों की तुलना में यह राशि अल्प है, पर संरक्षित क्षेत्रों के लिये यह राशि प्राणवायु के समान खास है। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में स्थित वनों की सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है। बेहतर वन प्रबंधन से ही वनों में वन्य जीव बेहतर स्थिति में अपना जीवन व्यतीत कर पाते हैं। पर्यावरण संतुलन के लिये यह आवश्यक भी है।

आदमी के दिमाग का थ्रीडी नक्शा

मनुष्य का दिमाग वैज्ञानिकों के लिये शुरू से कौतूहल का विषय रहा है। समय-समय पर वैज्ञानिक इसमें शोध करते रहे हैं। अभी हाल ही में गूगल और हॉवर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मिलकर मस्तिष्क के छोटे हिस्से का थ्रीडी नक्शा तैयार किया है। यह नक्शा ब्राउज किया जा सकता है। इसके लिये वैज्ञानिकों ने 225 मिलियन छवियों और एक मिलियन से अधिक गीगाबाइट डेटा का उपयोग किया है। कलर-कोडेड मस्तिष्क के नक्शों में न्यूरॉन से जुड़ने वाले 4,000 एक्सोन को दर्शाया गया है। यह हमारे तंत्रिका तंत्र में सबसे मौलिक कोशिका है, जो कि संवेदी इनपुट प्राप्त करती है। हालांकि यह मस्तिष्क के ऊतकों के केवल एक घन मिलीमीटर का ही प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन मस्तिष्क के ऊतकों का यह सबसे बड़ा नमूना है, जिसे किसी भी प्रजाति के लिये इस तरह के विवरण में चित्रित किया गया है और पुनर्निर्माण किया गया है। इसमें हजारों पुनर्निर्मित न्यूरॉन्स, लाखों न्यूरॉन के अंश, 130 मिलियन एनोटेट सिनेप्स और उप-कोशिकीय संरचनाएं शामिल हैं, जिनमें एक्सोन, सिलिया, डेंड्राइट्स और पाइलिन शामिल हैं। मस्तिष्क का नक्शा बनाने के लिये गूगल के शोधकर्ताओं और हॉवर्ड विश्वविद्यालय की लिफ्टमैन लैब में वैज्ञानिकों ने मानव सेरेब्रल कॉर्टेक्स के टेम्पोरल लैब से एक सूक्ष्म नमूना लिया। इन ऊतक के नमूने को 5300 टुकड़ों में काटने से पहले रेसिन में कोट किया गया। प्रत्येक टुकड़ा लगभग 30 नैनोमीटर मोटा था। करीब चार सौ नेनौमीटर तक जूम कर सकने वाले एक इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से नमूने को स्कैन किया गया। इससे 225 मिलियन द्विआयामी इमेज बनती हैं, जिन्हें एक थ्री डी वाल्यूम के लिये एक साथ मिलाया जा सकता है। सारे प्रयासों के बावजूद यह नक्शा मानव मस्तिष्क के केवल एक घन मिलीमीटर का विवरण देता है। गूगल के मुताबिक इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य मानव मस्तिष्क का अध्ययन करने के लिये एक नया तरीका तैयार करना था।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

वर्ल्ड फोटोग्राफी डे 19 अगस्त

अहसासों को बयां करती हैं तस्वीरें

एक तस्वीर एक हजार शब्दों को बयां करती है। तस्वीर अहसास को भी शब्दों की तुलना में अधिक तेजी से पहुंचाती है, अचानक आंखों के सामने आई एक तस्वीर आपके अंदर तुरंत ही घृणा, दुख, खुशी जैसे अलग-अलग अहसास को त्वरित जन्म देती है। 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी होता है। दुनिया भर के फोटोग्राफर इस दिन का जश्न मनाते हैं। यह दिन उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है, जिन्होंने अपनी फोटोग्राफी की कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। आज के समय में फोटोग्राफी के जरिए हम आसानी से अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर लेते हैं। इस संसार में प्रकृति ने प्रत्येक प्राणी को जन्म के साथ भी एक कैमरा दिया है, जिससे वह संसार की प्रत्येक वस्तु की छवि अपने दिमाग में अंकित करता है। वह कैमरा व्यक्ति की आंखें हैं। इस नजर से देखा जाए तो देखने में समर्थ दुनिया का हर प्राणी एक फोटोग्राफर है।

फोटोग्राफी की शुरुआत

पलों को सहेजने की तकनीक यानी फोटोग्राफी के विकास की यात्रा भी लंबी है। विज्ञान के विकास के साथ कृत्रिम लेंस का भी आविष्कार हुआ। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक आज से 181 साल पहले 9 जनवरी, 1839 को दुनिया में फोटोग्राफी की शुरुआत हुई थी। जोसेफ नाइसफोर और लुइसडॉगेर नामक वैज्ञानिकों ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार किया था। डॉगोरोटाइपटेक्निक फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी। फ्रांस की सरकार ने इस प्रोसेस रिपोर्ट को खरीदकर इसे 1839 में लोगों के लिए फ्री कर दिया। इसी की याद में दुनिया भर में 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। इसके अलावा आज के दिन ईस्ट मैन कोडक कंपनी के जॉर्ज ईस्टमैन को भी याद किया जाना चाहिए, जिनके 35 एमएम फिल्म रोल ने फोटोग्राफी को लोकप्रिय बनाने और मुख्यधारा में लाने में एक बड़ा योगदान दिया था।

वर्ष 2010 से बढ़ी फोटोग्राफी की लोकप्रियता

वर्ल्ड फोटोग्राफी की लोकप्रियता साल 2010 से बढ़ना शुरू हुई थी। यानी फोटोग्राफी डे को सेलिब्रेट करते हुए अभी सिर्फ एक दशक ही बीता है। वर्ष 2010 में ऑस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा ने इस दिन के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाने की शुरुआत की। उन्होंने अपने सभी साथियों की मदद से दुनियाभर में इस दिन का प्रचार-प्रसार किया। अपने 270 साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत कीं। ऑनलाइन गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई इन तस्वीरों को लोगों ने खूब पसंद किया, जिसके बाद से इसका ट्रेंड बन गया और हर साल फोटोग्राफी डे के दिन ऐसी ही ऑनलाइन गैलरी बनने की शुरुआत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी पर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर लोग अपनी पसंद की अलग-अलग तस्वीरें इस दिन WorldPhotographyDay हैश टैग के साथ अपलोड करते हैं।

फोटोग्राफी तकनीक का विकास

वैज्ञानिक तथा तकनीकी सफलता के साथ-साथ फोटोग्राफी ने भी आज बहुत तरक्की की है। आज व्यक्ति के पास ऐसे-ऐसे साधन मौजूद हैं, जिसमें सिर्फ बटन दबाने की देर है और मिनटों में अच्छी से अच्छी तस्वीर उसके हाथों में होती हैं। किंतु सिर्फ अच्छे साधन ही अच्छी तस्वीर की गारंटी नहीं दे सकते हैं। तकनीक चाहे जैसी तरक्की करे, उसके पीछे कहीं न कहीं मनुष्य की सोच उसका मस्तिष्क ही काम करता है। फोटोग्राफी में भी इसकी

जरूरत होती है। हमें आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश व छाया, कैमरे की स्थिति, ठीक एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव ही एक अच्छे फोटो को प्राप्त करने की पहली शर्त होती है। भले ही आज हर व्यक्ति के हाथ में कैमरा है, लेकिन सभी अच्छे फोटोग्राफर नहीं बन पाते हैं। अच्छा फोटो अच्छा क्यों होता है- इसी सूत्र का ज्ञान किसी भी फोटोग्राफर को खास बनाता है। फोटोग्राफर रघु राय के शब्दों में, मैं चित्र खींचने के लिए पहले से कोई तैयारी नहीं करता हूं। मैं उसे उसके वास्तविक रूप में अचानक कैंडिड रूप में ही लेना पसंद करता हूं। पर असल चित्र तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता, जब तक उसमें विचार नहीं हैं। एक अच्छी पेंटिंग या अच्छा चित्र वही है, जो मानवीय संवेदना को झकझोर दे।

दुनिया की पहली सेल्फी - अमेरिकन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने साल 1839 के शुरुआती महीने में एक सेल्फी ली थी। रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने अपने कैमरे को सेट किया और लेंस कैप को हटाकर और फ्रेम में चलकर फोटो ली। इसे अब सेल्फी कहा जाता है। स्मार्टफोन से खुद के पोट्रेट लेना इतना पॉपुलर हो गया है कि ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने साल 2013 में 'सेल्फी' को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया था।

दुनिया की पहली रंगीन तस्वीर - कलर फोटो को दुनिया के सामने लाने वाले पहले शख्स स्कॉटलैंड के वैज्ञानिक जेम्स क्लर्क मैक्सवेल थे। वर्ष 1861 में दुनिया की पहली रंगीन फोटो क्लिक की गई थी। साथ ही कलर फोटोग्राफी में थॉमसस्टन का भी विशेष योगदान माना जाता है। उन्होंने एसएलआर कैमरे का आविष्कार किया था।

डिजिटल कैमरे ने बनाया फोटोग्राफी को आसान

पहले फोटो क्लिक करने के कई दिनों बाद पता चलता था कि फोटो कैसे आई है, उसे धुलवाकर प्रिंट आने के बाद ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब जब मोबाइल के माध्यम से कैमरा हमारी जेब में है। तो फिल्म रोल का स्थान, इमेज सेंसर और मेमोरी काड्र्स ने ले लिया है। एसएलआर हो या फोन कैमरा, आज हम जब चाहें न केवल स्क्रीन पर फोटो देख सकते हैं, बल्कि तुरंत फोटो को एडिट करके ऑनलाइन शेयर कर सकते हैं। अब तस्वीरें लेना बहुत आसान हो गया है। डिजिटल कैमरों का दौर आने के बाद प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए है कि अब बहुत सी तकनीकी जानकारियों (जैसे अपर्चर, आईएसओ, डेप्थ ऑफ फील्ड आदि) के बगैर भी तस्वीरें लेना आसान है। इंटरनेट ने भी फोटोग्राफी की लोकप्रियता को बढ़ाया है, कहीं भी क्लिक हुई फोटो भी कुछ घंटों में ही दुनिया भर में कई घंटों में वायरल हो जाती हैं। फोटोग्राफर को अपनी पहचान बनाने के लिए सोशल मीडिया और ब्लॉग जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद मिल जाती है।

बेहतर तस्वीर के लिए ये ध्यान रखना है जरूरी

एक अच्छा फोटोग्राफर किसी भी कैमरे से अच्छी तस्वीरें ले सकता है। माध्यम सिर्फ आपकी कुशलता को बढ़ाता है। हमें इन तकनीक से जुड़े बदलावों को स्वीकार करना पड़ेगा। फोटोग्राफी के दौरान कुछ बातों को ध्यान में रखना जरूरी है, क्योंकि जरा सी भी गलती आपको उस पल को कैद होने से रोक देगी। तो चलिए जानते हैं फोटोग्राफी के कुछ टिप्स के बारे में।

- कई बार फोटो खींचते समय लोगों के हाथ कांपने लगते हैं। ऐसे में फोटो हिली हुई आती है। जब भी आप फोटो क्लिक करें तो हाथों को एक जगह स्थिर रखें। ट्राइपॉड का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अगर आप ट्रैवलिंग कर रहे हैं और फोन से फोटो क्लिक करनी है तो आप सेल्फीस्टिक का सहारा ले सकते हैं।
- फोटो खींचने के लिए हर बात का ध्यान रखना जरूरी है, लेकिन सबसे जरूरी इस बात का ध्यान रखना है कि फोटो खींचते समय लाइट सही है या नहीं। अगर आप दिन में तस्वीर खींचते हैं तो वो बर्न हो जाती है, क्योंकि दोपहर में धूप बहुत तेज होती है। वहीं रोशनी कम हो तो फोटो बहुत ज्यादा डार्क आती हैं। ऐसे में या तो आप सुबह के समय जैसे 8 बजे से 10 बजे की बीच में फोटो क्लिक करें या फिर शाम को सूर्यास्त से कुछ देर पहले क्लिक कर सकते हैं।
- अच्छी फोटो क्लिक करने के लिए कैमरे को सही तरीके से होल्ड करना जरूरी है। अगर आप परफेक्ट फोटो क्लिक करना चाहते हैं, तो कैमरे को वर्टिकली होल्ड करें। ऐसा करने से वाइड एंगल बनता है।
- अक्सर महिलाएं मूविंग फोटो क्लिक करना पसंद करती हैं। हालांकि कई सारी गलतियों के कारण परफेक्ट मूविंग फोटो उन्हें नहीं मिलती है। इसके लिए सबसे जरूरी ये है कि आप किस तरह से क्लिक कर रहे हैं। अगर आप मूविंग ऑबजेक्ट को कैप्चर करना चाह रहें हैं तो आपको बर्स्टमोड में फोटो क्लिक करने की जरूरत है।
- कई बार फ्रेम सेटिंग को लोग इग्नोर कर देते हैं। जिसकी वजह से आप फोटो में सुंदर दिखते हैं, लेकिन आपका बैकग्राउंड नहीं। ऐसे में फ्रेम और एंगल्स को इग्नोर ना करें। एंगल्स की फोटोग्राफी में खूब एहमियत होती है।

स्टीव मैककरी ने भारतीयों की जिंदगी को दिखाया अपने कैमरे से

अमेरिका के रहने वाले पॉपुलर फोटोग्राफर स्टीव मैककरी ने भारत के लोगों की लाइफ को दिखाया है। अपने नए फोटोग्राफ बुक 'इंडिया' में उन्होंने राजस्थान, कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल सहित कई अन्य राज्यों के फोटोज को शामिल किया है। इनमें सबसे ज्यादा राजस्थान से जुड़े फोटोज हैं। इस फोटो बुक के लिए स्टीव मैककरी लगभग 85 बार भारत आ चुके हैं। मैककरी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर फोटोग्राफी की और लोगों की लाइफ को दिखाया है। मैककरी ने एक बार कहा था कि, 'मैं पहली बार 1978 में भारत गया था। इसके बाद से लगातार सिर्फ फोटोग्राफी करने भारत जाता रहा। फोटोग्राफी के लिहाज से भारत एक शानदार स्थान है। यहां हर वो रंग मौजूद है, जो फोटोग्राफी को बेहतर बनाते हैं। मैंने भारत के अलग-अलग हिस्सों के कम से कम 15 हजार फोटो लिए हैं। स्टीव मैककरी द्वारा क्लिक की गई किसी फोटो में एक बच्चा भगवान शिव बनकर खड़ा है, तो किसी फोटो में रबारी ट्राइब का एक बुजुर्ग साधु की तरह दिखाई दे रहा है। मैककरी ने भारतीय त्योहारों की विविधता को भी अपने फोटोग्राफी में जगह दी है। साथ में अलग-अलग जगहों के लोगों की लाइफ को भी दिखाया है। गौरतलब है कि मैककरी ने अफगान गर्ल के फोटो को क्लिक किया था, जिसे काफी सराहा गया था।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (एम.एम.एल.टी.) योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
3.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
4.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
5.	बैचलर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (बी.एम.एल.टी.)	3 वर्ष
6.	बी.एस.सी. इन एक्स–रे	3 वर्ष
7.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन (डी.एम.एल.टी.)	2 वर्ष
8.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
9.	ओ.टी. टेक्निशियन (ऑपरेशन थ्रीएटर)	1 वर्ष
10.	एम.बी.ए.	2 वर्ष

क्रमांक 4 से लेकर क्रमांक 9 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्र. 10 के लिए स्नातक किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-45848/2021

PEOPLE'S UNIVERSITY

(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC

Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2021-22

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

R-45849/2021

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 10/2021-22

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा एस.टी.पी. निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_155917_1, MPPHC_155918_1, MPPHC_155919_1, MPPHC_155920_1 एवं MPPHC_155922_1 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.09.2021 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/101680/45843/2021

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./629/तशा/प.यं./2021 दिनांक 17.08.2021

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2021_MPPHC_155789_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.09.2021 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/101685/45844/2021 परियोजना यंत्री

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी 2, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002

एम.टेक.-एम.ई. (पूर्णकालिक) एवं एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी इंजीनियरिंग संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2021-22

प्रथम चरण

गेट (GATE)/जीपेट (GPAT) के मान्य स्कोर (Valid Score) के आधार पर

गतिविधियाँ	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	24.08.2021 से 04.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	05.09.2021 से 06.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी**	28.08.2021 से 08.09.2021 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	09.09.2021 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	14.09.2021 से 20.09.2021 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

गेट (GATE)/जीपेट (GPAT) के मान्य स्कोर (Valid Score) के आधार पर एवं अर्हकारी परीक्षा आधारित गेट (GATE)/जीपेट (GPAT) के आधार पर आवंटन उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

गतिविधियाँ	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	21.09.2021 से 02.10.2021 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	03.10.2021 से 04.10.2021 सायं 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी**	23.09.2021 से 06.10.2021 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	07.10.2021 सायं 5 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	13.10.2021 से 18.10.2021 सायं 5 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
19.10.2021 से 20.10.2021 रात्रि 11:45 बजे तक	20.10.2021 प्रातः 10:30 बजे

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुउपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

(कोविड-19 के कारण, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को जाने की आवश्यकता नहीं)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
एवं आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/101678/45851/2021

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE - 452007 (M.P.)
Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2021/10548 Date : 18.08.2021

NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in & www.mpakvnindore.com** as mention below :-

S. No.	Name of work	PAC (Rs. in Lacs)	Cost of tender form	EMD	Last date of sub-mission
1	Cleaning and Excavation of drain and cleaning and grubbing road land including up rooting rank vegetation grass, bushes shrubs, saplings etc. at I/A Electronic Complex Pardeshipura Indore.	Rs. 3.05 lacs	Rs. 2360/- i/c GST	Rs. 6100/-	02.09.2021

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.

M.P. Madhyam/101673/45842/2021 EXECUTIVE ENGINEER

पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर

(मध्यप्रदेश सोसायटी एक्ट 1975 के तहत)
दीक्षा भवन, गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023
फोन नं. : 0755-2602033-36, Ext. 259, 260, 261

स्नातक एवं डिप्लोमा/तकनीकी एप्रेन्टिस के नियोजन बाबत्

निदेशक एवं क्षेत्रीय केन्द्रीय एप्रेन्टिसशिप सलाहकार, शिक्षु प्रशिक्षण पश्चिम क्षेत्र मुम्बई द्वारा जारी निर्देशों एवं एप्रेन्टिस (संशोधन) एक्ट 1973 एवं 1986 के प्रावधानानुसार म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि., भोपाल के अंतर्गत शासकीय/अर्ध शासकीय मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग/म.प्र. राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेजों से उत्तीर्ण अभ्यार्थियों से निम्नलिखित शाखाओं में 01 वर्ष के अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	स्नातक इंजीनियरिंग अथवा डिप्लोमा में विषय	स्नातक एप्रेन्टिस (शिष्यावृत्ति रु. 9000/-प्रतिमाह)					डिप्लोमा/तकनीकी एप्रेन्टिस (शिष्यावृत्ति रु. 8000/-प्रतिमाह)					
		सामान्य	अ. पि.व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल	सामान्य	अ. पि.व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल	कुल योग
1.	सिविल	2	0	1	1	4	2	0	1	1	4	8
2.	इलेक्ट्रिकल्स/इलेक्ट्रिकल्स व इलेक्ट्रॉनिक्स	19	5	8	9	41	11	2	0	4	17	58
3.	आई.टी.	2	0	0	1	3	0	0	0	0	0	3
	योग	**23**	**5**	**9**	**11**	**48**	**13**	**2**	**1**	**5**	**21**	**69**

i. अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के निर्णयानुसार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। ii. उक्त रिक्तियों की संख्या परिवर्तनशील है तथा पी.डी.टी.सी. को रिक्तियां भरने या न भरने का अधिकार रहेगा।

योग्य इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** से डाउनलोड कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर दीक्षा भवन, गोविन्दपुरा भोपाल (म.प्र.)-462023) में **दिनांक 20.09.2021 सायं 5:30 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/101665/45841/2021 निदेशक (पी.डी.टी.सी.)

कार्यालय अधिष्ठाता बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

वेबसाइट : www.bmcsagar.edu.in, ई-मेल : deansmc08@yahoo.co.in
फोन नं. : 07582-236270, फैक्स नं. : 07582-236457

क्रमांक 4682/भर्तीशाखा/2021 सागर, दिनांक 13.08.2021

शासकीय/स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिये पैरामेडिकल के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के ज्ञापन क्रमांक एफ-2-06/2018/1-55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 एवं संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के पत्र क्र. 16/स्था./अराज/2019 भोपाल दिनांक 07.01.19 एवं 338-39/स्था/अराज/2021 भोपाल दिनांक 25.03.2021 के अंतर्गत प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, सागर में **पैरामेडिकल के पदों पर म.प्र. के (शासकीय/स्वशासी) चिकित्सा महाविद्यालयों से उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु** निर्धारित शर्तों एवं निर्धारित प्रारूप में ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्राप्ति की **अंतिम दिनांक 23.08.2021 सायं 5.30 बजे तक** डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय की आवक शाखा में जमा किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट **www.bmcsagar.edu.in** का अवलोकन करें।

अधिष्ठाता
जी-15750/45839/2021 बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

ग्वालियर में बनेगा भव्य अटल स्मारक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री लोकप्रिय जननेता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की तीसरी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अरेरा हिल्स स्थित शौर्य स्मारक चौराहा, भोपाल पर गत वर्ष यह प्रतिमा स्थापित की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में स्वर्गीय अटल जी की स्मृति में भव्य और विशाल स्मारक का निर्माण किया जायेगा। अटल जी अजातशत्रु और हर दिल अजीज राजनेता थे। उन्होंने विश्व के शक्तिशाली माने जाने वाले राष्ट्रों के आगे कभी घुटने नहीं टेके। भारत द्वारा परमाणु परीक्षण किए जाने के समय कुछ देशों ने इसका विरोध किया था, लेकिन अटल जी अपने संकल्प पर अटल रहे। राष्ट्र के नागरिकों की सुरक्षा उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता थी।

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई

नया कलेक्टर कार्यालय के पास सिविल लाइन, बालाघाट (म.प्र.)
दूरभाष : 07632-247833, ई-मेल : dpepiu.balaghat@mp.gov.in

एन.आई.टी. नं.-18/2021/केंद्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ जबलपुर, दिनांक : 11.08.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ठेकेदार/ फर्म की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षा-काल सहित)
1.	2021_PWPIU_154940_1	बालाघाट जिले के अंतर्गत निर्माण कार्यों हेतु एस.क्यू.सी. एजेंसी की निविदा (चतुर्थ आमंत्रण)	बालाघाट	98.84	98840/-	10000/-	मुख्य वास्तुविद म.प्र. लोक निर्माण विभाग के इम्पैनल्ड/ पंजीकृत	12
2.	2021_PWPIU_154941_1	कार्यालय संभागीय परि-योजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जिला बालाघाट अंतर्गत शेष कार्यों की जोनल निविदा (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	127.40	127400/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोक निर्माण विभाग में पंजीयन	12
3.	2021_PWPIU_154943_1	जिला बालाघाट के अंतर्गत लामता में शासकीय महा-विद्यालय का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	677.20	677200/-	20000/-	केंद्रीयकृत लोक निर्माण विभाग में पंजीयन	12
4.	2021_PWPIU_154944_1	जिला बालाघाट में शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय भवन का रेनोवेशन कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	375.25	375250/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोक निर्माण विभाग में पंजीयन	12
5.	2021_PWPIU_154945_1	जिला बालाघाट के अंतर्गत बैहर में शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय में 06 नग अतिरिक्त कक्ष भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	299.16	299160/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोक निर्माण विभाग में पंजीयन	12
6.	2021_PWPIU_154946_1	कार्यालय संभागीय परि-योजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. बालाघाट के अंतर्गत डी.पी.आर. कन्सल्टेंट की निविदा (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	50.00	50000/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोक निर्माण विभाग में पंजीयन	12

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्युमेंट वेबसाइट **http://mptender.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 13.08.2021 समय 09 से **दिनांक 25.08.2021** समय 6 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., बालाघाट

जी-15736/45837/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्री विभाग खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष : 07582-224269, E-mail : eephe_sagar@yahoo.co.in

क्र. 2729/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां/खण्ड, सागर दिनांक : 09.08.2021

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन सागर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई-टेंडरिंग लिफाफा पद्धति से सागर जिले में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पूर्व विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें :-

सं क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-टेण्डर क्रमांक	ग्राम/ब्लाक	कार्य की अनु. लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	क्र. 213/ 06.08.2021	2021_ PHED_ 154408_1	Berkheri Guru, Sironja, Rusalla KHEJRAUDDET, RANGOLI, GIRWAR, KHIRIAKHURD, AAPCHAND, NAYAKHEDA (AAPCHAND), BHAISWAHI	431.40	431400/-	रु. 15000/-	24.08.2021 सायं 5.30 बजे तक
2.	क्र. 214/ 06.08.2021	2021_ PHED_ 154409_1	Samnapur, Hafsili	78.93	78930/-	रु. 12500/-	
3.	क्र. 215/ 06.08.2021	2021_ PHED_ 154411_1	Karrapur	204.57	204570/-	रु. 15000/-	

समस्त विवरण **http://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय व प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया 'की-डेट्स' अनुसार होगी। भविष्य में यदि कोई निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे अर्थात समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित नहीं होंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन
एवं कार्य. यंत्री, लो.स्वा.यां. खंड सागर

जी-15749/45837/A/2021

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय

चित्रकूट जिला : सतना 485334 (म.प्र.)
दूरभाष : 07670-265693, ई-मेल : gramodayaccy@gmail.com

ग्रामोदय सामुदायिक महाविद्यालय योजनांतर्गत अभिरुचि आमंत्रण

विश्वविद्यालय ग्रामोदय सामुदायिक महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत सत्र 2021-2022 में सामुदायिक महाविद्यालय के केन्द्र के रूप में पंजीकरण हेतु मध्यप्रदेश में स्थित विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/शैक्षणिक कार्यों में संलग्न संस्थाओं/पंजीकृत सोसाइटी/ट्रस्ट/फाउन्डेशन इत्यादि से निर्धारित प्रारूप में अभिरुचि (EoI - Expression of Interest) आमंत्रित करता है। इच्छुक संस्थायें आवेदन शुल्क रु. 500/- व निरीक्षण शुल्क रु. 10,000/- (रु. दस हजार मात्र) के डी.डी. जो **कुलसचिव, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, इंडियन बैंक, ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट** के नाम देय हो या नगद राशि लेखा विभाग में जमा कर रसीद के साथ निर्धारित प्रारूप (EoI) में आवेदन कर सकते हैं। EoI का प्रारूप तथा अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.gramodayachitrakoot.ac.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। EoI दिनांक 31 अगस्त, 2021 तक स्वीकार किये जायेंगे।

आर-45847/2021 **कुलसचिव**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-807/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 11.08.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 03.09.2021** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनडोल तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_154624	बरवानी जलाशय नहर के 13 नग शेष बचे स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य।	मंडला	53.59
2.	2021_WRD_154625	कुटनी पोषक बांध में स्थापित रेडियल गेटों एवं शीर्ष जलद्वारों सहित अन्य संयोजित उपकरणों के पेंटिंग से संबंधित विशेष मरम्मत का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित कार्यस्थल पर।	सागर	43.38
3.	2021_WRD_154626	एस.डी.एफ.एम. अंतर्गत बिछिया, बीहर नदी और इसके आसपास के नालों का चौड़ीकरण और बाढ़ संरक्षण हेतु पक्के कार्यों का निर्माण कार्य।	रीवा	502.85
4.	2021_WRD_154627	एस.डी.एफ.एम. अंतर्गत बिछोला एस्केप एवं टैंक रिपेयर कार्य।	मुरैना	117.04
5.	2021_WRD_154628	शाहपुरिया ग्राम के पास पुलिया का निर्माण, माथनिया ग्राम के पास पुल का निर्माण और मोहनपुरा बांध के डूब से प्रभावित ग्रामों को जोड़ने वाली पुलियाओं का निर्माण कार्य।	राजगढ़	678.80
6.	2021_WRD_154629	एस.डी.एफ.एम. अंतर्गत 4 नग बैराज/बैराज कम काजवे (अहमदपुर, सुरोद, बेरखेड़ी भाटनी, रमगड़ा सांगाखेड़ी) का सुदृणीकरण एवं उन्नयन कार्य।	विदिशा	143.41

जी-15728/45838/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक

लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.-16/2021/निविदा/सा/एपीडी/ भोपाल, दिनांक : 10.08.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षा-काल सहित)
1.	2021_PWPIU_148979_2	दामजीपुरा जिला बैतुल में कन्या छात्रावास भवन निर्माण का अतिरिक्त कार्य। द्वितीय आमंत्रण	बैतुल	83.81	83810/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
2.	2021_PWPIU_154619_1	कंस्ट्रक्शन ऑफ वन स्टॉप सेंटर एट होशंगाबाद	होशंगाबाद	40.67	50000/-	5000/-	06 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्युमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 10.08.2021 समय 10.30 से **दिनांक 25.08.2021 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक
(मुख्य अभियंता), लो.नि.वि. पी.आई.यू., भोपाल

जी-15716/45840/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग टीकमगढ़ (म.प्र.)

Phone No. : 07683-242321, E-mail : eepwdtikam@mp.nic.in

एनआईटी नं. - 08/2021-22/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण दिनांक : 12.08.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है -

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWDRB_154872	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत सेक्शन जतारा में आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
2.	2021_PWDRB_154873	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत सेक्शन जतारा में गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
3.	2021_PWDRB_154874	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत सेक्शन पलेरा में आवासीय/गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
4.	2021_PWDRB_154875	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत सेक्शन लिधौरा में आवासीय/गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
5.	2021_PWDRB_154877	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत लो.नि.वि. की विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.00	38000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
6.	2021_PWDRB_154878	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत पुल/पुलियों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.00	38000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
7.	2021_PWDRB_154879	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिगरिंग नम्बरिंग का कार्य।	टीकमगढ़	15.00	30000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
8.	2021_PWDRB_154880	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत सड़क मरम्मत के लिये मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य।	टीकमगढ़	19.00	38000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
9.	2021_PWDRB_154881	उपसंभाग जतारा के अन्तर्गत रोड मार्किंग एवं रोड स्टूड का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
10.	2021_PWDRB_154882	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत न्याय विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
11.	2021_PWDRB_154883	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत राजस्व विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
12.	2021_PWDRB_154884	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत गैर आवासीय संयुक्त कार्यालय भवन टीकमगढ़ की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
13.	2021_PWDRB_154886	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
14.	2021_PWDRB_154887	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत गैर आवासीय रेस्ट हाउस/सर्किट हाउस टीकमगढ़ की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
15.	2021_PWDRB_154893	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत बल्देवगढ़ सेक्शन में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
16.	2021_PWDRB_154894	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत बड़ागांव एवं मोहनगढ़ सेक्शन में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
17.	2021_PWDRB_154895	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत लो.नि.वि. की विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
18.	2021_PWDRB_154896	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत पुल/पुलियों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	टीकमगढ़	19.00	38000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
19.	2021_PWDRB_154897	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिगरिंग, नम्बरिंग का कार्य।	टीकमगढ़	18.00	36000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
20.	2021_PWDRB_154900	उपसंभाग टीकमगढ़ के अन्तर्गत गैर आवासीय कोर्ट बिल्डिंग की वार्षिक मरम्मत कार्य।	टीकमगढ़	18.50	37000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
21.	2021_PWDRB_154901	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत निवाड़ी सेक्शन में आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.70	39400/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
22.	2021_PWDRB_154902	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत निवाड़ी सेक्शन में गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.76	39520/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
23.	2021_PWDRB_154903	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत ओरछा सेक्शन में आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.75	39500/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
24.	2021_PWDRB_154904	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत ओरछा सेक्शन में गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.78	39560/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
25.	2021_PWDRB_154905	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत पृथ्वीपुर सेक्शन में आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.80	39600/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
26.	2021_PWDRB_154906	उपसंभाग संभाग निवाड़ी के अंतर्गत पृथ्वीपुर सेक्शन में गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.72	39440/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
27.	2021_PWDRB_154907	उपसंभाग निवाड़ी के अंतर्गत लो.नि.वि. की विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.90	39800/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
28.	2021_PWDRB_154908	उपसंभाग निवाड़ी के अंतर्गत पुल/पुलियों की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	निवाड़ी	19.90	39800/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
29.	2021_PWDRB_154909	उपसंभाग निवाड़ी के अंतर्गत प्रोवाईडिंग एण्ड फिक्सिंग कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिगरिंग, नम्बरिंग का कार्य।	निवाड़ी	19.50	39000/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
30.	2021_PWDRB_154910	उपसंभाग निवाड़ी के अंतर्गत सड़क मरम्मत के लिये मटेरियल एकत्रीकरण का कार्य।	निवाड़ी	19.60	39200/-	2000/-	06 माह वर्षाकाल सहित
		योग		**570.91**	**1141820/-**	**60000/-**	

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 23.08.2021 समय 10.30 से दिनांक 01.09.2021 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-15772/45836/2021 लोक निर्माण विभाग संभाग, टीकमगढ़

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्री विभाग खण्ड सागर (म.प्र.)

दूरभाष : 07582-224269, E-mail : eephe_sagar@yahoo.co.in

क्र. 2727/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड, सागर दिनांक : 09.08.2021

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अध्यक्ष जिला जल एवं स्व. मिशन सागर से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर ई-टेंडरिंग लिफाफा पद्धति से सागर जिले में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल योजना हेतु ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। ये मात्र संक्षिप्त सूचना है निविदाकार को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने के पूर्व विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन भी कर लें :-

सं. क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-टेण्डर क्रमांक	ग्राम/ब्लाक	कार्य की अनुमानित लागत रुपये (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	क्र. 207/06.08.2021	2021_PHED_154241_1	Amarmau, Heerapur, Baraytha	465.43	465430/-	रु. 15000/-	24.08.2021 सायं 5.30 बजे तक
2.	क्र. 208/06.08.2021	2021_PHED_154243_1	Baraj, Bagrodha Garoli, Rampura, Sasan	323.89	323890/-	रु. 15000/-	
3.	क्र. 209/06.08.2021	2021_PHED_154244_1	Adavan, Datya Jasoda, Kanikhedi Kalan, Kishanpura, Semra Sanodha	388.82	388820/-	रु. 15000/-	
4.	क्र. 210/06.08.2021	2021_PHED_154245_1	Bara Khaharamau Uladan	434.64	434640/-	रु. 15000/-	
5.	क्र. 211/06.08.2021	2021_PHED_154247_1	Bohrol, Khojampur, Pitholi	183.35	18335/-	रु. 12500/-	
6.	क्र. 212/06.08.2021	2021_PHED_154248_1	Khuwari, Magardha, Nimon, Padwar	328.18	328180/-	रु. 15000/-	

समस्त विवरण **http://www.mptenders.gov.in** वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय व प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया 'की-डेट्स' अनुसार होगी। भविष्य में यदि कोई निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे अर्थात समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित नहीं होंगे।

सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्व. मिशन
जी-15747/45836/A/2021 एवं कार्य यंत्री, लो.स्वा.यां. खंड सागर

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02,
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 12/2021-22 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रीठी जिला कटनी में 2 एफ, 2 जी, 2 एच टाइप आवासगृहों का निर्माण कार्य, (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC _156099) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.09.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सब्मिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101706/45852/2021 **परियोजना यंत्री**

मास्क लगाना और अपनाना दो गज दूरी, कोरोना से बचने टीका बहुत जरूरी

मध्यप्रदेश में 25 एवं 26 अगस्त को चलेगा वैक्सीनेशन महाअभियान

भोपाल, मध्यप्रदेश में दो दिवसीय कोविड-19 वैक्सीनेशन महाअभियान का द्वितीय चरण 25 एवं 26 अगस्त को चलाया जाएगा। यह महाअभियान प्रदेश के सभी जिलों में संचालित होगा। महाअभियान के तहत टीकाकरण को तीव्र किया जाएगा। वृहद जन-जागृति के उद्देश्य से विभिन्न मीडिया के माध्यम से टीकों के लाभ, द्वितीय डोज की अनिवार्यता एवं उपयोगिता का संदेश प्रचार-प्रसार विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, शासकीय, अशासकीय, स्वयंसेवी संगठनों आदि संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर वातावरण निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-जन तक टीकाकरण के महत्व की बात पहुंचाई जाए। दूसरी लहर के नियंत्रित होने के पश्चात आमजन में कोरोना से बचाव की सावधानी में कमी आई है। वैक्सीनेशन के प्रति भी उदासीनता का भाव देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता के स्तर पर कोई कमी नहीं होनी चाहिए। प्रथम डोज लगवाने के बाद द्वितीय डोज लगवाना बहुत आवश्यक है। अभियान के माध्यम से आमजन तक यह संदेश पहुंचाया जाए। साथ ही दो दिवसीय टीकाकरण अभियान को सुचारु रूप से संपादित किया जाए।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि क्राइसिस मैनेजमेंट सदस्यों के सक्रिय सहयोग से प्रदेश के प्रत्येक गांव एवं वार्ड में महाअभियान की सफलता के लिए जोरदार प्रयास किए जाएंगे।

मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने कहा कि समस्त कलेक्टर 21 जून को पूर्व में आयोजित महाअभियान के अनुभवों एवं नवाचारों का उपयोग करते हुए कोविड-19 वैक्सीन के प्राप्त सभी डोज का समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए अभियान पूर्व समस्त तैयारियां समय-सीमा में पूरी करेंगे।

अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान ने जानकारी दी कि अभियान को सार्थक एप एवं अन्य तकनीक का उपयोग करते हुए द्वितीय डोज से छूटे हुए व्यक्तियों को एस.एम.एस., टेलीफोन, ऑडियो मैसेज के माध्यम से संदेश पहुंचाए जाएंगे। यह कार्य एक लाख कोरोना वॉलेंटियर्स के साथ राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के 32 हजार से अधिक साथियों एवं पौने चार लाख ब्रिगेड मेम्बर के मोबिलाइजेशन द्वारा किया जाएगा।

राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण हो - मुख्यमंत्री

बाढ़ प्रभावितों को अब तक 6 करोड़ 50 लाख रुपये वितरित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए। बिजली व्यवस्था की स्थापना, खाद्य सामग्री की आपूर्ति और अधोसंरचना को पुनः स्थापित करने, नुकसान हुई फसलों के आकलन और गिर गए घरों के सर्वे के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया जाए। जो गांव प्रति वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, उन्हे ऊंचे स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। जिन परिवारों के मकान बाढ़ से प्रभावित हुए हैं उनके लिये नए आवास ऊंचे स्थानों पर ही स्वीकृत किये जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जारी राहत और पुनर्वास कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुये कहीं।

केंद्रीय मंत्री भी वर्चुअली बैठक से जुड़े

बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी सम्मिलित हुए। प्रदेश में बाढ़ के लिए गठित टास्क फोर्स के सदस्य, जिलों के प्रभारी मंत्री तथा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के सदस्य भी बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, दतिया, मुरैना, श्योपुर, भिंड और विदिशा के अधिकारियों तथा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों से चर्चा की।

बाढ़ प्रभावितों को छह हजार रुपये की राहत मिलना आरंभ

मुख्यमंत्री को बैठक में अवगत कराया गया कि बाढ़ प्रभावितों को छह-छह हजार रुपये की राहत राशि मिलना आरंभ हो गई है। अब तक 6 करोड़ 50 लाख रुपये वितरित किए जा चुके हैं। श्योपुर जिले में अब तक 6 हजार 500 परिवारों को 3 करोड़ 25 लाख रुपये वितरित किए गए हैं। राहत वितरण कार्य जारी है।

पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए

श्री चौहान ने कहा कि जिनका नुकसान हुआ है, उनमें से प्रत्येक को राहत उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह सतर्कता भी आवश्यक है कि किसी भी अपात्र का नाम राहत और पुनर्वास कार्य में नहीं जुड़े। संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। गड़बड़ी करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा। राजस्व, पंचायत और कृषि विभाग की संयुक्त टीम और क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य मिल कर बाढ़ प्रभावितों का सर्वे करें। उन्होंने कहा कि सूची को अंतिम रूप देकर सार्वजनिक स्थल पर प्रदर्शित किया जाए और इसमें आ रहे दावे-आपत्तियों की सुनवाई की जाये।

जरूरत वाले गांवों में पका गरम भोजन उपलब्ध करायें

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जो गांव अभी भी प्रभावित हों और जहां आवश्यकता हो वहां स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पका हुआ गरम भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलों के कलेक्टर भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि बाढ़ प्रभावित और उजड़े परिवारों को ठीक से बसा सकें और उन्हें बेहतर व्यवस्था दे सकें। श्री चौहान ने बाढ़ प्रभावित जिलों के अधिकारियों से खाद्यान्न वितरण, पेयजल, प्रभावित बिजली व्यवस्था, ध्वस्त रोड नेटवर्क, क्षतिग्रस्त फसलों, ढह गए मकानों, पशु हानि और जिलों में संचालित राहत शिविरों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

शासकीय विद्यालय के बच्चों को पैकिंग में मिलेंगी पुस्तकें

पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुजालपुर, बुधनी और भोपाल में हुई शुरुआत

भोपाल, स्कूल शिक्षा और सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कक्षा पहली से बारहवीं तक के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें पैकिंग कर वितरित की जायेंगी। प्रदेश में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत शाजापुर जिले में शुजालपुर, सीहोर जिले में बुधनी और भोपाल विकासखण्ड में की जा रही है। श्री परमार ने शुजालपुर के जनपद शिक्षा केंद्र से जनशिक्षा केंद्रों तक निःशुल्क पुस्तकें पहुंचाने के लिए वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्री परमार ने कहा कि शासन द्वारा पहले विद्यालय में बच्चों को बिना पैकिंग किये पुस्तकें दी जाती थीं, उसमें कई प्रकार की व्यवहारिक कठिनाइयां आती थीं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में इस बार हमने पुस्तकों का पूरा एक सेट तैयार कर पैकिंग कर छात्र-छात्राओं को वितरण करने का निर्णय लिया है। पायलेट प्रोजेक्ट की सफलता पर अगले सत्र से पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राओं को पुस्तकों को पैकिंग कर वितरण किया जायेगा।

मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़ रही है रेल सड़क और फोन कनेक्टिविटी

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी मेमू ट्रेन - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में तीन नई मेमू ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में आमजन की सुविधा के लिए तीन नई मेमू (मेन लाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन प्रारंभ की जा रही हैं। ये ट्रेन जी.पी.एस., डिजिटल डिस्प्ले, सी.सी.टी.वी., बॉयो टॉयलेट आदि सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी। इनके माध्यम से आमजन तेज गति से सुविधापूर्ण यात्रा कर सकेंगे। खासतौर से रोज आने-जाने वालों के लिए ये अत्यंत उपयोगी होंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के अंतर्गत तीन नई मेमू ट्रेन सतना-इटारसी, सतना-मानिकपुर तथा कटनी-बीना को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में रेल, सड़क एवं फोन कनेक्टिविटी निरंतर बढ़ रही है। भारत में 67 हजार किलोमीटर से अधिक रेल नेटवर्क तथा 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेन एवं 8 हजार मालगाड़ियां हैं। मध्यप्रदेश में लगभग 700 से अधिक रेलवे स्टेशन और 4 हजार 800 किलोमीटर का रेल नेटवर्क है। प्रदेश में रेल सुविधाओं का निरंतर विकास हो रहा है। ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन भी क्षेत्र के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।

भारतीय रेल में बैठकर होता है विविधता में एकता का दर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल में बैठकर हमारी विविधता में एकता की संस्कृति के दर्शन होते हैं। भारतीय रेल कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश को एक सूत्र में बांधती हैं। मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें यहां से होकर गुजरती हैं।

सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में तेज गति से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री विकास के पर्याय बन गए हैं। तीन नई मेमू ट्रेन प्रारंभ हुई हैं, जो कि आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी।

सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि ये मेमू ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इनमें यात्री सूचना प्रणाली, जी.पी.एस., सी.सी.टी.वी., बॉयो टॉयलेट आदि सुविधाएं हैं। इनकी गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे होगी। प्रत्येक ट्रेन में 8 डिब्बे होंगे, जिनमें 650 यात्री बैठकर यात्रा कर सकेंगे। ये सभी ट्रेन अनारक्षित होंगी तथा बीच के सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

खादी वस्त्रों के साथ सेल्फी भेजें और इनाम पायें

भोपाल, खादी से बने वस्त्रों के प्रति आम लोगों को जागरूक और प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी वस्त्रों के साथ सेल्फी अभियान चलाया जा रहा है। सेल्फी 31 अगस्त तक mp.mygov.in/task/selfie पर भेजी जा सकती हैं। विभाग द्वारा तीन विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कबीरा ब्रांड के खादी वस्त्रों पर 20+10 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी।

खादी वस्त्रों को बनाना है लोकप्रिय

आमजन अपनी सेल्फी jpg या png. फार्मेट में अपलोड कर सकते हैं। मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रबंध संचालक श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मध्यप्रदेश के नागरिकों से अपील करता है कि खादी वस्त्र पहनकर अपनी सेल्फी भेजें और प्रतियोगिता में हिस्सा लें। साथ ही 'खादी वस्त्रों को लोगों के बीच कैसे लोकप्रिय बनाया जा सकता है' और 'खादी वस्त्रों के उपयोग के लिये कैसे जागरूकता बढाई जा सकती है' विषय पर अपने विचार साझा करें।

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने अपने फैशनेबल और डिजाइनर खादी वस्त्रों को कबीरा ब्रांड के नाम से मार्केट में लॉन्च किया है। खादी की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये राज्य में भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और जबलपुर समेत अन्य बड़े शहरों में डिजाइनर खादी वस्त्रों के विक्रय केंद्र संचालित किये गए हैं। कबीरा का मुख्य उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के बीच खादी को लोकप्रिय बनाना है और उनमें स्वदेशी पोशाक के बारे में जागरूकता लाना है। आधुनिक एवं भारतीय फैशन के साथ मिलकर खादी वस्त्र एवं पारंपरिक वस्त्र निर्माण कला को एक सम्मानजनक स्थान दिलाना भी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का लक्ष्य है।

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से खादी को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की है। प्रधानमंत्री का मानना है कि जब भी हम खादी या इससे बनी हुई कोई वस्तु खरीदते हैं तो ग्रामीण बुनकरों को इसका लाभ होता है। खादी खरीदना भी एक तरह से देश सेवा ही है।

उल्लेखनीय है कि कपास की खेती, सूत की कताई और बुनाई, ये तीनों चीजें विश्व सभ्यता को भारत की देन है। दुनिया में सबसे पहले भारत में सूत काता गया और कपड़े की बुनाई की गई। खादी के कपड़ों को बढ़ावा देने से लघु और कुटीर उद्योगों का विकास होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

भीड़-भाड़ से रहेंगे दूर, कोरोना भागने को हो जायेगा मजबूर

ऑक्सीजन उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश शीघ्र होगा आत्मनिर्भर

एक साथ चार ऑक्सीजन संयंत्र प्रारंभ होना रीवा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रीवा में चार ऑक्सीजन संयंत्रों के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

रीवा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में केंद्र सरकार, निजी उद्यमों एवं जन-सहयोग से बड़ी संख्या में ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। हम ऑक्सीजन के मामले में शीघ्र आत्मनिर्भरता हासिल कर लेंगे तथा हमें अन्य प्रदेशों से ऑक्सीजन लेने की आवश्यकता नहीं होगी। एक साथ 4 ऑक्सीजन संयंत्र प्रारंभ होना विन्ध्य एवं रीवा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इनमें से तीन संयंत्रों की क्षमता 500-500 लीटर प्रति मिनट तथा एक संयंत्र की क्षमता 100 लीटर प्रति मिनट है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा क्षेत्र के 4 ऑक्सीजन संयंत्रों का वर्चुअल लोकार्पण करते हुये कहीं।

सरकार द्वारा 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी उद्यमों द्वारा ऑक्सीजन प्लांट लगाए जाने पर प्रदेश सरकार 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान दे रही है। दो संयंत्र निजी कंपनियों द्वारा लगाए गए हैं। वर्धमं कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक पार्क रीवा में 310.91 लाख रुपये की लागत से लगाया गया प्लांट 500 एल.पी.एम. क्षमता का है। जे.पी. लिमिटेड द्वारा जे.पी. अस्पताल रीवा में लगाया गया प्लांट 500 एल.पी.एम. क्षमता का है।

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में जन-भागीदारी से संयंत्र

श्री चौहान ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रीवा में 98.71 लाख रुपये की लागत से 500 एल.पी.एम. क्षमता का प्लांट जन-भागीदारी से लगाया गया है। इसके लिए सभी संबंधित बधाई के पात्र हैं। साथ ही जिला अस्पताल रीवा में मुख्यमंत्री राहत कोष से 44.72 लाख रुपये की लागत से 200 एल.पी.एम. क्षमता का ऑक्सीजन संयंत्र लगाया गया है।

विन्ध्य क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य

विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने कहा कि क्षेत्र में एक साथ 4-4 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए जाने पर मैं यहां की जनता की ओर से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। प्रदेश सरकार विन्ध्य क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बाणसागर परियोजना ने क्षेत्र के किसानों की तकदीर बदल दी है।

कोरोना नियंत्रण के लिए सराहनीय कार्य

सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा क्षेत्र में कोरोना नियंत्रण, विकास, उद्योग, हवाई सेवाओं आदि कार्यों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

मध्यप्रदेश का जन-भागीदारी मॉडल सराहनीय

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के जन-भागीदारी मॉडल की पूरे देश में सराहना हो रही है। पहले कोरोना नियंत्रण और अब आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की स्थापना में यह मॉडल अत्यंत कारगर सिद्ध हो रहा है।

रीवा को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए बधाई

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि इन ऑक्सीजन संयंत्रों के प्रारंभ हो जाने से रीवा ऑक्सीजन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्राप्त कर लेगा। प्रदेश में देवास नगर निगम के बाद रीवा ने कोरोना वैक्सीनेशन का शत-प्रतिशत प्रथम डोज लगवाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसके लिए रीवा बधाई का पात्र है।

विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रीवा जिले को बड़ी सौगातें दी हैं। ऑक्सीजन प्लांट की श्रृंखला का लोकार्पण हुआ है। इससे यहां पर्याप्त मात्रा में मेडिकल ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रयासों से रीवा में हवाई अड्डा बनाया जाएगा और शीघ्र इंदौर एवं भोपाल के लिए वायु सेवा प्रारंभ होगी।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पथ व्यवसाइयों, मजदूरों को रोज़गार

श्री चौहान ने कहा कि कोविड-19 के कठिन दौर में पथ पर व्यवसाय करने वाले भाई-बहन प्रभावित हुए हैं। उनकी आजीविका संरक्षण की पीएम स्व-निधि योजना के क्रियान्वयन में हम देश में द्वितीय हैं। प्रदेश के 12 लाख शहरी और ग्रामीण पथ विक्रताओं को कोविड की दूसरी लहर के दौरान प्रति विक्रेता एक हजार रुपये के मान से लगभग 120 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता दी गई। कोरोना संक्रमण के दौरान एक करोड़ 6 लाख से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से रोज़गार दिलाकर हम देश में अग्रणी रहे हैं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत एक करोड़ 15 लाख पात्र परिवारों के लगभग 5 करोड़ हितग्राहियों को 25 हजार से अधिक राशन दुकानों से निःशुल्क खाद्यान्न थैले में देने का शुभारंभ प्रधानमंत्री जी द्वारा 7 अगस्त को किया गया।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

श्री चौहान ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारी पथ-प्रदर्शक है। प्रदेश में 'सीएम राइज योजना' के प्रथम चरण में 350 विद्यालयों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए डेढ़ हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। अगले शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लागू किया जाएगा। राज्य के युवाओं को विश्व-स्तरीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण किया जा रहा है।

खेलों को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में विश्व-स्तरीय खेल अकादमियों की स्थापना की गई। इन अकादमियों में खिलाड़ियों को समस्त आवश्यक सुविधाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था है। प्रदेश की खेल अकादमियों में प्रशिक्षण प्राप्त 10 खिलाड़ियों ने टोक्यो ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश के बेटे विवेक सागर और प्रदेश की हॉकी अकादमी के ट्रेनी नीलकांता शर्मा ने पूरे विश्व में मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है।

आपदा प्रबंधन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए मंत्रालय में अत्याधुनिक 'कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर' स्थापित किया गया है, जहां से आपदा राहत एवं बचाव कार्य की प्रभावी एवं लाइव मॉनीटरिंग संभव हुई है। विगत दिनों ग्वालियर-चम्बल क्षेत्र के जिलों में अत्यधिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई। तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किये गए और नागरिकों को बाढ़ग्रस्त इलाकों से सुरक्षित निकाला गया। बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध-स्तर पर किए जाकर जनता की हरसंभव सहायता की जा रही है।

नए सत्र से पढ़ाये जायेंगे नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, नए शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शामिल किये गए पाठ्यक्रमों का अध्ययन कराया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 79 विषयों के पाठ्यक्रम तैयार किये गए हैं। विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों की व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ई-प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुये कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में कुल स्वीकृत सीट संख्या के अनुसार अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाये। उन्होंने कहा कि एक सितंबर से आरंभ हो रहे अकादमिक सत्र में नई शिक्षा नीति को बेहतर ढंग से लागू किया जाये। इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहे।

डॉ. मोहन यादव ने महाविद्यालयों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की राशि लेप्स न हो। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संभाग स्तरीय अतिरिक्त संचालकों एवं अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाये।

ईको पर्यटन स्थलों का निजी संस्थानों द्वारा किया जाएगा संचालन

भोपाल, मध्यप्रदेश के आरक्षित वनों में ईको पर्यटन की संभावनाओं वाले वन क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें मनोरंजन और वन्य-प्राणी अनुभव क्षेत्र के रूप में विकसित कराया जा रहा है। इस तरह के 29 ईको पर्यटन स्थलों पर ईको पर्यटन गतिविधियों के संचालन, प्रबंधन एवं रख-रखाव के उद्देश्य से निजी व्यवसायी के चयन के लिए निविदा जारी की जायेगी।

ईकों पर्यटन विकास बोर्ड के सी.ई.ओ. श्री सत्यानंद ने बताया कि ईको पर्यटन के वास्ते 29 स्थलों को संचालन, प्रबंधन और रख रखाव के लिए निजी संस्थानों को 10 साल की अवधि के लिए दिया जाएगा। इन क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाएं विकसित कराई जाकर ईको पर्यटन विकास के नए आयाम गढ़े जायेंगे। ईको पर्यटन गतिविधियों के संचालन से ऐसे वन क्षेत्रों के समीप रहने वाले वनवासियों को अतिरिक्त रोज़गार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस व्यवस्था के पूर्ण होने पर पर्यटकों को प्रकृति के समीप जाकर उसके विभिन्न घटकों और इन घटकों के बीच परस्पर क्रियाओं को समझने का अवसर भी मिलेगा।

ईको पर्यटन के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के पास स्थित पनपथा और पेंच टाइगर रिज़र्व के पास स्थित दुधिया तालाब और बाइसन हाइवे रिट्रीट की सभी कार्रवाई पूरी होने के बाद एजेन्सी का चयन किया जा चुका है।

शेष स्थलों की निविदा जारी करने की शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इनमें भोपाल वन मंडल में रामगढ़, केरवा, समर्धा, बगोनिया, सीहोर में कठौतिया, डिगम्बर जल प्रपात, अमरगढ़ जल प्रपात, खण्डवा में धारि कोटला, बोरिया माल, गुंजारी, दक्षिण सिवनी वन मंडल में अमोंदागढ़, अम्मामाई, शारदा मंदिर पहाड़ी, महादेव गुफा और फरीद बाबा, लामाजोती तालाब, जंगल कॉटेज हिनौता, रायसेन में तितली पार्क, जिप लाइन खरबई, सतधारा जंगल कैम्प, कूनो पालपुर में सेसईपुरा, पश्चिम मण्डला में रत्नाई पहाड़, गिदली घुधरा, बोकुर दाहर, डिण्डौरी में खुरखरी दादर, बड़वाह चिड़िया भड़क, दक्षिण बालाघाट में गांगुलपारा जलाशय, दक्षिण छिन्दवाड़ा में देवगढ़, टीकमगढ़ में नोटघाट, बुरहानपुर और दक्षिण बैतूल वन मण्डल के अंतर्गत क्रमशः झांझर डेम और सापना के गंतव्य स्थल शामिल हैं।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना आवश्यक

भोपाल, जिन संकल्पों और स्वप्नों के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने शहादत दी, वैसे भारत के निर्माण के लिए हमें योगदान देना होगा। अभी इन संकल्पों और स्वप्नों को पूरा करना शेष है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध-सम्पन्न, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वाधीनता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में आयोजित स्वाधीनता पर्व को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर भी 3 ई.एम.ई. सेंटर तथा महार रेजीमेंट द्वारा ब्रास बैंड, पाइप बैंड और जैज बैंड की संगीतमयी जुगलबंदियां प्रस्तुती की गईं।

स्वतंत्रता संग्राम पर साल भर आयोजित होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक प्रदेशवासी वृक्षारोपण, बेटियों के कल्याण, नशामुक्ति और स्वच्छता अभियान जैसी किसी एक गतिविधि से स्वयं को अवश्य जोड़े। श्री चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर साल भर सम्पूर्ण प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समर्पण, त्याग और बलिदान पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे युवा पीढ़ी इनके योगदान से अवगत होगी और यह इस पीढ़ी के लिए प्रेरक होगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में स्वाधीनता के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

रायसेन जिले के ग्राम बोरास में हुए संघर्ष को याद किया

श्री चौहान ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संकल्प, उनकी प्रतिबद्धता, प्रेरक प्रसंगों और वीरतापूर्ण संस्मरणों का उल्लेख करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों टंट्या भील, भीमा नायक, रघुनाथ शाह, शंकर शाह, रानी अवंती बाई, राणा बख्तावार सिंह तथा ठाकुर रणवत सिंह का स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायसेन जिले के छोटे से गांव बोरास में स्वतंत्रता के लिए कई लोगों ने अपने प्राण दिये। ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को नई पीढ़ी के सामने लाने की आवश्यकता है।

प्रमुख सचिव संस्कृति तथा जनसंपर्क श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में प्रदेश में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रमों के आयोजन में सेना का भी सहयोग लिया जाएगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अफवाहों पर न करें बात, टीका लगवाकर कोरोना को दें मात

सिविल सेवाओं में सीधी भर्ती पर लगे प्रतिबंध को किया शिथिल

भोपाल, राज्य शासन ने सिविल सेवाओं के लिये भर्ती पर लगे प्रतिबंध को शिथिल किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने सिविल सेवाओं के लिए स्वीकृत कुल पदों के 5 प्रतिशत तक रिक्त पदों को भरने के लिए वित्त विभाग द्वारा वर्ष 2019 में लगाई गई शर्त को शिथिल करते हुए प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया है। पांच प्रतिशत से अधिक सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने की स्वीकृत के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रकिया को तत्परता से पूर्ण करने के लिए वित्त विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार प्रत्येक सिविल सेवा में वर्ष प्रथम जनवरी की स्थिति में सीधी भर्ती में रिक्त पदों की गणना की जायेगी।

सांख्येतर पदों पर कार्यरत को नियमित पदों के विरुद्ध गणना में लिया जायेगा। सवंर्ग में स्वीकृत पदों की कुल संख्या के आधार पर 5 प्रतिशत की गणना की जायेगी। संवर्ग की कुल पद संख्या का 5 प्रतिशत अथवा संवर्ग की सीधी भर्ती के रिक्त पदों की संख्या में से जो कम हो, पर ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रशासकीय विभाग द्वारा की जा सकेगी।

आरटीई के दूसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी में हुआ स्कूलों का आवंटन

भोपाल, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार के अन्तर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को सत्र 2021-22 के लिए दूसरे चरण में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटित किये गये। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस. ने बताया कि दूसरे चरण में 14 हज़ार 880 बच्चों को उनकी च्वाइस के अनुसार स्कूल आवंटित किये गये हैं। ऑनलाइन लॉटरी में 7 हज़ार 887 बालकों को और 6 हज़ार 993 बालिकाओं को स्कूल का आवंटन किया गया है। आरटीई पोर्टल rteportal.mp.gov.in पर दूसरे चरण के आवंटन-पत्र उपलब्ध हैं। पालक आवेदन में अंकित जानकारी दर्ज कर आवंटन की स्थिति चेक कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश में 3 करोड़ 90 लाख 58 हजार से अधिक को लगी वैक्सीन

भोपाल, कोरोना टीकाकरण महा-अभियान में कोविड-19 टीकाकरण लगातार प्रगति पर है। अब तक प्रदेश में 3 करोड़ 90 लाख 58 हजार 215 व्यक्तियों को कोविड-19 टीके लगाये जा चुके हैं। 18 अगस्त को शाम तक 5 लाख 68 हजार 414 व्यक्तियों को टीके लगाये गये।

संचालक, एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के साथ कोविड की जांच भी निरंतर की जा रही है। कोविड महामारी पर नियंत्रण प्राप्त करने में कामयाब हुए हैं। प्रदेश में वर्तमान में कुल 93 एक्टिव प्रकरण हैं। 18 अगस्त को 72 हजार 86 सैम्पल की जांच में इंदौर में 3, भोपाल में 2, जबलपुर, पन्ना और सागर में एक-एक नये कोरोना पॉजीटिव प्रकरण पाये गये हैं। अस्पतालों से स्वस्थ होकर कोरोना मरीज डिस्चार्ज होकर जा रहे हैं। प्रदेश की पॉजिटीविटी दर 0.01 प्रतिशत है। संचालक डॉ. शुक्ला ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बचाव और रोकथाम के लिये सोशल डिस्टेंसिंग, घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाना और साबुन से हाथ धोना अथवा सेनेटाइजर से बार-बार सेनेटाइज करने को हर आदमी को अपने व्यवहार में कोरोना पूरी तरह खत्म होने तक अपनाये रखना है।

औद्योगिक इकाइयों से मिलेगा सात हजार लोगों को रोज़गार - मुख्यमंत्री

हरसंभव सुविधाएं, सुरक्षित परिवेश और सहयोग उपलब्ध कराएगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट-2021 को वर्चुअली संबोधित करते हुये।

बालाघाट, मध्यप्रदेश में बालाघाट अद्भुत संभावनाओं का जिला है। यहां वन, खनिज, जल, कृषि सहित अनेक संपदाओं और सभी संसाधनों का भंडार है। इन संपदाओं और संसाधनों का उपयोग कर बालाघाट को 'बेरोज़गारी मुक्त- रोज़गार युक्त' बनाया जाएगा। जिले में उद्योग लगाने के लिए निवेश प्रोत्साहन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। भूमि आवंटन पर 50 प्रतिशत छूट के साथ 25 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। विद्युत शुल्क, विद्युत टैरिफ में रियायत है। प्रदूषण नियंत्रण संबंधी वैधता 2 साल के स्थान पर 5 वर्ष कर दी गई है। अधोसंरचना विकास के लिए सहायता और अन्य प्रोत्साहन सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। बालाघाट में निवेश का वातावरण है। राज्य सरकार द्वारा लगभग 4 हजार करोड़ रुपये निवेश कर 7 से 8 हजार लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बालाघाट में आयोजित इन्वेस्टर समिट-2021 को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

इस समिट में मैंगनीज आधारित उद्योगों, नवीन राईस मिलों की स्थापना के संबंध में चर्चा के सत्र, बांस उद्योग और पर्यटन विकास पर कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

कच्चे माल का वैल्यू एडीशन कराना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए रोज़गार जरूरी है। रोज़गार के अवसर उद्योगों से सृजित होंगे। बालाघाट में उपलब्ध कच्चे माल का वैल्यू एडीशन कराना होगा। यहां खनिज के साथ धान में अपार संभावनाएं हैं। धान के लिए नई नीति लाई जा रही है, जिससे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सकेगी तथा लोगों को रोज़गार मिल सकेगा। बालाघाट जिले में फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में भी यहां कई अवसर हैं।

कबेलू उद्योग को पुनर्जीवित किया जा सकता है

श्री चौहान ने कहा कि खनिज आधारित उद्योग की भी संभावनाएं हैं। बालाघाट का कबेलू भी प्रसिद्ध है। पक्की छतों में कबेलू का प्रचलन कम है, पर अब लोग ईको फ्रेंडली भवन निर्माण की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कबेलू का डिजाइन बदलकर डिजाइनर फ्लोर टाइल्स और प्री-फैब्रिकेटेड छत का निर्माण किया जा सकता है। बदलती आवश्यकता और तकनीक के आधार पर कबेलू उद्योग को भी पुनर्जीवित किया जा सकता है।

बांस के फर्नीचर और अगरबत्ती उद्योग में हैं संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट का बांस बहुत उपयोगी है। यहां वनों के साथ निजी भूमि पर भी बांसों का उत्पादन हो रहा है। बांस के रूप में उपलब्ध कच्चे माल से फर्नीचर और अगरबत्ती की काड़ी बनाने जैसे उद्यमों के लिए पहल की जा सकती है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्द्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप ही मध्यप्रदेश बीमारु से विकसित राज्यों की श्रेणी में आया है।

शिल्पियों को रोज़गार के बेहतर अवसर मुहैया कराएगी राज्य सरकार

भोपाल, मध्यप्रदेश में कुटीर एवं ग्रामोद्योग से जुड़े शिल्पियों को रोज़गार के बेहतर अवसर मुहैया कराये जाएंगे। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार, भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के साथ समन्वय स्थापित कर स्पेशल मेले और एक्सपो आयोजित कर रही है। यह बात लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने भोपाल स्थित गौहर महल परिसर में आयोजित किए जाने वाले 'स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो' 2021 के शुभारंभ अवसर पर कही।

श्री भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा खादी को अपने रोजमर्रा के जीवन में अपनाने की अपील देशवासियों से की है। खादी शहरी और ग्रामीण अंचल में रोज़गार का सशक्त माध्यम बन सकती है। इसी भाव से राज्य सरकार द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का जो लक्ष्य निर्धारित किया है। उसके लिए एक जिला-एक उत्पाद का चयन कर उसके संरक्षण और संवर्धन का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुनर की कमी नहीं है। आवश्यकता बेहतर संसाधन मुहैया कराकर परिष्कृत किए जाने की है। उन्होंने कहा कि हम सब जानते है कि मध्यप्रदेश के चंदेरी और महेश्वर में बनी साड़ियां, भोपाल में बने जरी जरदोजी पर्स एवं जूट के उत्पाद, धार जिले में बाघ

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव भोपाल में स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो-2021 का शुभारंभ करते हुये।

प्रिंट, सीहोर तथा श्योपुर के लकड़ी के खिलौने, मंडला जिले में गौंड पेन्टिंग आदि ऐसे उत्पाद जिन्हें स्थानीय कलाकारों ने अलग पहचान दिलवाई है।

इस अवसर संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम के प्रबंध संचालक श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि कोविड महामारी के चलते बुनकरों को आई समस्याओं के निराकरण के लिये विकास आयुक्त (हाथकरघा) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश शासन तथा संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरधा विकास निगम भोपाल के 'मृगनयनी एम्पोरियम' के द्वारा देश-प्रदेश के बुनकरों को विपणन सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि देश के प्रमुख उत्कृष्ट उत्पाद भोपाल की जनता को उपलब्ध हो सकेंगे। एक्सपो में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के बुनकरों द्वारा 56 स्टॉल लगाए गये हैं।

बच्चों के लिये 'आयुष बाल कषायम' तैयार

भोपाल, मध्यप्रदेश के आयुष विभाग ने बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये 'आयुष बाल कषायम' तैयार किया है। आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे और प्रमुख सचिव श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख को 'आयुष बाल कषायम' का सैम्पल प्रोडक्ट पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने सौंपा। भारत सरकार के मापदण्ड अनुसार यह प्रोडक्ट तैयार किया गया है। शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद इसे सभी के लिये उपलब्ध करवाया जायेगा। यह प्रोडक्ट कोरोना की तीसरी लहर से बच्चों को बचाने में कारगर साबित होगा।

श्री कांवरे ने बैठक में कहा कि कोरोना काल में लोगों ने आयुष विधा के महत्व को समझा और अपनी दिनचर्या में अपनाया है। योग और आहार-विहार के प्रति भी लोग सजग हुए हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी आयुष विधा को जोड़ा जा रहा है। आयुष ने हर्बल एवं पंचकर्म की सुपर स्पेशियलिटी में भी काम कर अपनी अलग पहचान बनाई है। कोरोना काल में कम व्यवस्था के बाद भी मेहनत और लगन से काम कर विभाग के अधिकारियों और डॉक्टर्स ने लोगों में अपना विश्वास अर्जित किया है। श्री कांवरे ने कहा कि आयुर्वेद का रजिस्ट्रार कार्यालय भी परिसर से ही संचालित हो, जिससे एक ही कैम्पस में सभी सुविधा प्राप्त हो सके। आयुष ग्राम में शिविर आदि के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हो और एक डाटाबेस तैयार किया जाये।

उज्जैन, सिवनी और विदिशा जिला चिकित्सालय को एनक्यूएएस नेशनल सर्टिफिकेट

भोपाल, मध्यप्रदेश के जिला चिकित्सालय उज्जैन, सिवनी और विदिशा को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक (एनक्यूएएस) सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय मानक एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन भारत सरकार द्वारा ऐसी संस्थाओं को दिया जाता है, जहां पर उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं दिए जाने की व्यवस्था होती है। स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त संक्रमण नियंत्रण आदि आयामों में बेहतर कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को यह सर्टिफिकेट दिया जाता है।

राष्ट्रीय मानक एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन प्राप्त होने से संस्था में आने वाले मरीजों को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाएं एवं अन्य व्यवस्थाएं प्राप्त होती हैं। संस्था में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं मारबिडीं कम होती है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राजीव गौबा

कैबिनेट सचिव के पद पर मिला एक साल का सेवा विस्तार

केंद्र सरकार ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का सेवा विस्तार दिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा झारखंड कैडर के 1982 बैच के आईएएस अफसर राजीव गौबा के कार्यकाल विस्तार को केंद्रीय कैबिनेट की चयन समिति से स्वीकृति मिली। अब वे 30 अगस्त 2022 तक केंद्रीय कैबिनेट सचिव के पद पर रहकर कार्य करेंगे। वे झारखंड के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं। राजीव गौबा को 2019 में दो साल के लिए नियुक्त किया गया था। राजीव गौबा जम्मू कश्मीर रिऑर्गेनाइजेशन बिल के प्रमुख शिल्पकारों में शामिल हैं।

इंग्लैंड में

जेलीफिश के अंदर फंसी दूसरी मछली

इंग्लैंड के नॉर्थ कार्नवाल स्थित हार्लिन बीच पर एक जेलीफिश पानी से बाहर रेत में फंसी मिली। जेलीफिश के अंदर एक अन्य मछली भी फंसी हुई थी। कार्नवाल वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट के मुताबिक यह दुर्लभ नजारा वन्यजीव फोटोग्राफर इयान वाटकिन ने बीच पर टहलते समय देखा और तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

इटली में

वायलिन के आकार की 40 फीट की नाव तैयार

इटली के वेनिस में एक अनोखी नाव बनाई गई है। यह नाव वायलिन के आकार की है और कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित है। इस नाव की लंबाई 40 फीट है। हाल ही में पानी में इसका परीक्षण किया गया। वेनिस डेवलपमेंट कंसोर्टियम के सहयोग से कलाकार लिवियो डी मार्ची ने इसे बनाया है। कलाकार मार्ची को वेनिस में बढ़ई के रूप में जाना जाता है। उन्होंने पहले भी लकड़ी की फरारी सहित कई तैरती हुई मूर्तियां बनाई हैं।

तनवीर महमूद मकरानी

आठवीं के छात्र ने बनाया मिलिट्री टैंक

झाबुआ के राणापुर में रहने वाले आठवीं के छात्र तनवीर महमूद मकरानी ने जुगाड़ से मिलिट्री टैंक बनाया है। ये मोबाइल से ऑपरेट होता है। इसमें 12 वोल्ट की मोटर, 2 बैटरी, ब्लूटूथ, कूलिंग फैन, एलईडी लाइट, सेंसर और कैमरा लगाया है। इस मिलिट्री टैंक को तैयार होने में 15 हजार रुपये खर्च हुए। इसमें चार रॉकेट लॉन्चर भी लगे हैं, जिसे किसी भी दिशा में घुमाकर चलाया जा सकता है।

क्वेक यू जुआन

दुनिया की सबसे छोटी बच्ची अपने घर लौटी

सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी अस्पताल में जन्मी दुनिया की सबसे छोटी (प्री-मैच्योर) बच्ची क्वेक यू जुआन 13 महीने अस्पताल में रहने के बाद डिस्चार्ज होकर अपने घर लौट आयी है। जुआन का जन्म 9 जून, 2020 को हुआ था। जन्म के समय जुआन का वजन 212 ग्राम था। जबकि सामान्यतः जन्म के समय बच्चे का वजन 2 से 4 किलो रहता है। क्वेक यू जुआन जिस समय डिस्चार्ज हुई तब उनका वजन 6.3 किलो था।

एमिरेट्स एयर लाइन

बुर्ज खलीफा के टॉप पर शूट हुआ विज्ञापन

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एमिरेट्स एयर लाइन ने हाल ही में एक विज्ञापन शूट किया। यह विज्ञापन दुनिया की सबसे ऊंची इमारतों में शुमार बुर्ज खलीफा के टॉप पर फिल्माया गया। इसमें एयर लाइन के क्रू मेंबर की ड्रेस में पेशेवर स्काय डाइविंग ट्रेनर निकोल स्मिथ लुडविक हाथ में कंपनी के प्रचार वाली तीन तख्ती लेकर खड़ी दिख रही हैं। 828 मीटर ऊंचाई वाली इस इमारत के टॉप पर विज्ञापन शूट करने के लिए एक विशेष प्लेटफॉर्म बनाया गया था।

मार्स मिशन

नमूने जुटाने की कोशिश नाकाम

अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मार्स रोवर की मंगल ग्रह से नमूने जुटाने की पहली कोशिश नाकाम रही। कार के आकार का रोवर पर्सिवरेंस इस साल फरवरी में लाल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के अंदर जीवन संकेतों की खोज के मकसद से उतारा गया था। नासा ने बयान जारी कर बताया है कि रोवर के पृथ्वी पर भेजे गए डाटा से पता चला है कि मंगल पर चट्टान का सैंपल लेने और इसे ट्यूब में बंद करने की शुरुआती सैंपलिंग गतिविधि में ऐसा कोई भी नमूना एकत्र नहीं हो पाया। पहले प्रयास से मिले डाटा का विश्लेषण कर रही टीम से जुड़े लोगों का कहना है कि चट्टान का नमूना लेने में हुई गलती का पता लगाने के बाद रोवर द्वारा अगली सैंपलिंग का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा।

द जी ट्रेन

दुनिया की पहली प्राइवेट लग्जरी ट्रेन 1300 फीट लंबी होगी

फ्रांस के मशहूर डिजाइनर थिरी गोगैन ने दुनिया की पहली प्राइवेट लग्जरी ट्रेन का डिजाइन तैयार किया है। इस लग्जरी ट्रेन में यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। ट्रेन का नाम द जी ट्रेन होगा। ट्रेन को बनाने में करीब 350 बिलियन डॉलर (लगभग 2600 करोड़ रुपये) खर्च होंगे। इस प्राइवेट लग्जरी ट्रेन को सुपर रिच लोगों के लिए ही बनाया गया है। 1300 फीट लंबी ट्रेन में 14 डिब्बे होंगे। इसमें 18 लोग एक साथ ट्रेन में ठहर सकेंगे। ट्रेन अधिकतम 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। इसमें टेक सेवी ग्लास लगाए जा रहे हैं। ट्रेन में यात्रियों को स्पा, जिम, डाइनिंग कार की सुविधा भी मिलेगी। इसमें एक पार्क भी बनाया जा रहा है।

शीपहेड

अमेरिका में दिखी इंसानों जैसे दांतों वाली मछली

अमेरिका के एक मछुआरे नेथन मार्टिन को इंसानों जैसे दांत वाली मछली मिली है। इसका नाम शीपहेड है। मछली के दांत इसलिए हैं, क्योंकि यह मछली मांसाहारी और शाकाहारी दोनों है और दांत की मदद से यह शिकार के ऊपरी सख्त हिस्से को तोड़ सकती है। यह मछली आमतौर पर चट्टानों, मूंगों और पुलों के पास पाई जाती है, इनका वजन 5 से 15 पाउंड के बीच होता है। ये उत्तरी कैरोलीन के तटीय पानी में मिलती है। मछली के सिर्फ दांत ही नहीं बल्कि इंसानों की तरह मसूड़े भी हैं। मछली के ऊपर काली और सफेद धारियां बनी हुई हैं। मछली के दांतों की लंबाई तीन फीट है।

दावा खान मेनापाल

अफगानिस्तान सरकार के मीडिया सूचना केन्द्र प्रमुख की हत्या

अफगानिस्तान सरकार के मीडिया और सूचना केन्द्र के प्रमुख दावा खान मेनापाल की काबुल के पश्चिम में स्थित दारुल अमन रोड पर तालिबान के बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अफगानिस्तान की राजधानी के सुरक्षित क्षेत्र में कार के ऊपर बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। दावा खान इससे पहले 2016 से 2020 तक उपराष्ट्रपति के प्रवक्ता के रूप में काम कर चुके थे। दावा खान ने 2015 में कंधार में सरकार के मीडिया और सूचना केंद्र के प्रमुख के रूप में भी काम किया। वह अफगानिस्तान के दक्षिण में जाबुल प्रांत के रहने वाले थे। उन्होंने काबुल विश्वविद्यालय से कानून और राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। मेनापाल ने सरकार में अपने कार्यभार से पहले रेडियो आजादी में एक पत्रकार के रूप में काम किया था।

संतोष जॉर्ज

देश के पहले स्पेस टूरिस्ट होंगे

केरल के बिजनेसमैन संतोष जॉर्ज कुलंगरा भारत के पहले स्पेस टूरिस्ट होंगे। 49 वर्ष के संतोष जॉर्ज कुलंगरा को वर्जिन गैलेक्टिक कंपनी के रिचर्ड ब्रैनसन ने पेड स्पेस टूरिस्ट के रूप में वर्ष 2007 में चुना था। कुलंगरा ट्रेवलर भी हैं और 130 से ज्यादा देश घूम चुके हैं। उन्होंने चंद्रयान-1 पर एक अंग्रेजी फिल्म बनाई है। संतोष जॉर्ज स्पेस की अपनी इस क्विक ट्रिप के लिए 1.8 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। वर्जिन गैलेक्टिक कंपनी ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि, कुलंगरा की अंतरिक्ष यात्रा कब होगी और क्या उन्हें स्पेसशिप में बैठने से पहले और ज्यादा ट्रेनिंग की जरूरत होगी।

नासा अनुसंधान केंद्र ओहियो

नील आर्मस्ट्रांग के नाम से जाना जाएगा

ओहियो स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक प्रतिष्ठान प्लम ब्रुक स्टेशन का नाम बदलकर नील आर्मस्ट्रांग के नाम पर रखा गया है। नील आर्मस्ट्रांग चंद्रमा चहल-कदमी करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति थे। इनका जन्म ओहियो में ही हुआ था। राज्य के अमेरिकी सीनेटरों के प्रयासों से सैंडस्की स्थित नासा प्लम ब्रुक स्टेशन का नाम अब 'नील ए. आर्मस्ट्रांग टेस्ट फैसिलिटी' हो गया है। रिपब्लिकन सीनेटर रॉब पोर्टमैन ने कहा कि उन्होंने आर्मस्ट्रांग के निधन से पहले 2012 में उनके साथ यह विचार साझा किया था। नासा और आर्मस्ट्रांग के परिवार ने अनुसंधान केंद्र का नया नाम रखने का समर्थन किया है।

एनओएए रिपोर्ट

142 साल में जुलाई का महीना रहा सबसे गर्म

अब तक के इतिहास में दुनियाभर में सबसे गर्म जुलाई 2021 का महीना दर्ज किया गया। अमेरिका के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एन्वायरनमेंटल इन्फर्मेशन (एनसीईआई) ने नया ग्लोबल डेटा जारी किया है। इसमें बताया गया है कि जुलाई 2021 ने 142 साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए, यह अब तक का सबसे गर्मी वाला महीना रहा है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2021 इतिहास के 10 सबसे ज्यादा गर्म साल में से एक हो सकता है। आंकड़ों के एडमिनिस्ट्रेटर रिक स्पिनार्ड का कहना है कि इस जानकारी से जलवायु परिवर्तन का घातक रास्ता दिखाई दे रहा है, जिस पर दुनिया चल पड़ी है। ताजा डेटा के मुताबिक जुलाई में जमीन और महासागरों की सतह का कुल तापमान 20वीं सदी के औसत 15.8 डिग्री सेल्सियस से 0.93 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था।

थॉमस डेनेर्बी

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के कोच बने

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने थॉमस डेनेर्बी को भारतीय महिला सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनाया है। स्वीडन के 62 वर्षीय डेनेर्बी इससे पहले भारतीय अंडर-17 महिला विश्व कप टीम के प्रभारी थे। उन्हें एएफसी एशियाई कप की तैयारी में मदद करने के लिए राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारत में अगले साल 20 जनवरी से 6 फरवरी 2022 तक होगा। डेनेर्बी पिछले 30 वर्षों से कई राष्ट्रीय टीमों के साथ काम कर चुके हैं। उनकी देखरेख में स्वीडन की महिला राष्ट्रीय टीम 2011 में फीफा विश्व कप में तीसरे स्थान पर और 2012 के लंदन ओलिंपिक में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में सफल रही थी।

फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0

केंद्रीय खेल मंत्री ने किया शुभारंभ

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर तथा खेल राज्यमंत्री श्री निसिथ प्रमाणिक ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का देशव्यापी शुभारंभ किया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देशभर में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जाता है। इसे 75 प्रतिष्ठित स्थानों पर शुरू किया गया है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2021 तक चलेगा। फिट इंडिया फ्रीडम रन को देश के लगभग 750 जिलों में और प्रत्येक जिले के 75 गांवों में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से देशभर में 7.50 करोड़ से अधिक युवाओं और नागरिकों तक पहुंचना है। फिट इंडिया पोर्टल https://fitindia.gov.in पर फ्रीडम रन के लिए खुद को रजिस्टर किया जा सकता है।

पीवी सिंधु

विशाखापट्टनम् में शुरू करेंगी बैडमिंटन प्रशिक्षण अकादमी

भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कहा है कि वह राज्य सरकार के समर्थन से युवाओं के लिए जल्द ही विशाखापट्टनम् में एक प्रशिक्षण अकादमी शुरू करेंगी। जहां सिंधु प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाएंगी। सिंधु ने दो ओलिंपिक पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वह देश की पहली महिला एथलीट हैं, जिन्होंने दो ओलिंपिक पदक जीते हैं। टोक्यो ओलिंपिक में सिंधु के कांस्य पदक जीतने पर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने उन्हें 30 लाख नकद इनाम देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने पीवी सिंधु को बैडमिंटन अकादमी स्थापित करने के लिए विशाखापट्टनम् में 2 एकड़ जमीन भी आवंटित की है।

स्मृति शेष

तेलंगाना हाईकोर्ट के न्यायाधीश केशव राव का निधन

तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. केशव राव का 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। न्यायमूर्ति केशव राव ने 1986 में काकतीय विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की और अप्रैल 1986 में बार काउंसिल ऑफ आंध्रप्रदेश में शामिल हुए। उन्होंने सितंबर 2017 में तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

सभी देशवासियों को

75वें स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ

जय हिंद

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

"देश की आज़ादी का अमृत महोत्सव कोटि-कोटि भारतवासियों का पर्व है, जिसमें पूरे भारत की परंपरा भी है, स्वाधीनता संग्राम की परछाई भी है और आज़ाद भारत की गौरवान्वित करने वाली प्रगति भी है। यह आयोजन हमारे इन 75 वर्षों की उपलब्धियों को दुनिया के सामने रखने का और अगले 25 वर्षों के विकास की रूपरेखा और संकल्प के लिए प्रेरणा लेने का अवसर है।"

- नरेन्द्र मोदी



davp 22201/13/0013/2122

कण-कण में, हर धड़कन में... **पहले देश**

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रात:6:25 बजे से दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण

#AmritMahotsav
क्यूआर कोड स्कैन करें और आज़ादी के अमृत महोत्सव में भाग लें

R-45846/2021

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक : 806/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 11.08.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.09.2021 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_154752	एस.डी.एफ.एम. अंतर्गत सम्राट अशोक सागर परियोजना के गेटेड स्पिलवे का निर्माण कार्य।	विदिशा	2470.16/-
2.	2021_WRD_154623	परकुल मध्यम परियोजना अंतर्गत मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 20880 मी. तक एवं उपनहरों तथा कास्ट इन सिटू सी.सी. लाईनिंग, स्ट्रक्चर्स, पाईप आउट लेट्स (कोलावा) का शेष निर्माण कार्य।	सागर	1159.05/-

जी-15709/45833/2021 **मुख्य अभियंता**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/2121-22 **सतना, दिनांक : 08.08.2021**

निम्नलिखत कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. उपसंभाग सतना के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर नई बस्ती भल्ला डेयरी फार्म से गहरवार पेट्रोल पंप मार्ग निर्माण कार्य लंबाई : 5.25 कि.मी.

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	आमंत्रण क्र.	कार्यपूर्ण करने की समयावधि	कार्य की अनुमानित राशि	अमानत राशि
2021_PWDRB_154321_1	द्वितीय	12 माह	596.37 लाख	596370/-
		योग	**596.37 लाख**	

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 23.08.2021 सायं 17:30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस/एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच. शपथपत्र, बिड की रसीद, एवं तकनीकी बिड हेतु एनेक्शन 'सी' एवं 'आई-1' से 'आई-5' अनुसार दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-15700/45835/2021 **लोक निर्माण विभाग, (भ/स), संभाग सतना (म.प्र.)**

R-45846/2021

मध्यप्रदेश को मिलेगी 7206 लाख रुपये की अनुदान राशि

नई दिल्ली, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत, नव एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राज कुमार सिंह से भेंट कर प्रदेश की ऊर्जा संबंधी विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की। श्री तोमर ने मध्यप्रदेश के लिये भारत सरकार में लंबित अनुदान राशि लगभग 7206 लाख रुपये जारी करने का अनुरोध किया। श्री सिंह ने प्रदेश को जल्द ही अनुदान राशि जारी करने का आश्वासन दिया।

ऊर्जा मंत्री ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से 3862 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी के लिये ऋण प्रस्ताव के अनुमोदन का भी अनुरोध किया। इस राशि के अनुमोदन के बाद आरईसी द्वारा पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को 562 करोड़ रुपये, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को 1200 करोड़ रुपये और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को 2100 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होना संभावित है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1

शेड क्र. : 7 जवाहर चौक, भोपाल

निविदा सूचना क्र. : 30 से 34/वलेलि/2021-22 **भोपाल, दिनांक: 10.08.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. नगर उपसंभाग क्र.-3 भोपाल के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल में विभिन्न वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपॉजिट एवं अन्य कार्य।

निविदा सूचना क्र.	टेण्डर नं.	ठेके की अनुमानित राशि रु. लाखों में	अमानत राशि
30	2021_PWDRB_154489	रु. 38,50,000/- (रु. अड़तीस लाख पचास हजार मात्र)	रु. 50000/-

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 2. नगर उपसंभाग क्र.-3 भोपाल के अंतर्गत गैर आवासीय भवन जिला एवं सत्र न्यायालय एवं कामधेनू भवन भोपाल में विभिन्न वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपॉजिट एवं अन्य कार्य।

31	2021_PWDRB_154490	रु. 29,35,000/- (रु. उन्तीस लाख पैंतीस हजार मात्र)	रु. 50000/-

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 3. सिविल लाइन सेक्शन क्र.-2 लो.नि.वि. भोपाल प्रोफेसर कॉलोनी के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण, डिपॉजिट एवं अन्य कार्य।

32	2021_PWDRB_154491	रु. 44,50,000/- (रु. चौवालीस लाख पचास हजार मात्र)	रु. 50000/-

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 4. राजभवन भोपाल के ऑडिटोरियम भवन, संदीपनी सभागार में अतिरिक्त निर्माण कार्य (गोदरेज इंटीरियो फर्नीचर)

33	2021_PWDRB_154492	रु. 58,15,400/- (रु. अट्ठावन लाख पन्द्रह हजार चार सौ मात्र)	रु. 58154/-

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 5. राजभवन भोपाल के ऑडिटोरियम भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य।

34	2021_PWDRB_154494	रु. 1,45,52,100/- (रु. एक करोड़ पैंतालीस लाख बावन हजार एक सौ मात्र)	रु. 145521/-

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की **अंतिम तिथि 27.08.2021 सायं 5:30 बजे** निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संधारण संभाग

जी-15702/45834/2021 **क्र.-1, भोपाल, दूरभाष : 0755-2777485**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु परीक्षण निषिद्ध दिवस 29 अगस्त

परमाणु परीक्षण रोकने के लिए सभी को साथ आना होगा

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का भारत की परमाणु नीति के बारे में कथन था कि भारत दो परमाणु सम्पन्न राष्ट्रों के बीच स्थित है। भारत की सुरक्षा को संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अतः परमाणु शस्त्र और प्रक्षेपास्त्र के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना समय की मांग है। भारत प्रारम्भ से ही शांतिप्रिय देश रहा है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसने निशस्त्रीकरण का समर्थन किया है। अगर हम परमाणु हथियारों की भयावह स्थिति के बारे में बात करें तो परमाणु हथियारों के परीक्षणों ने दुनिया को तबाही के सिवाय और कुछ नहीं दिया है। परमाणु परीक्षण के शुरुआती दिनों में मानव जीवन पर इसके विनाशकारी प्रभावों पर विचार किया गया था। इतिहास ने हमें परमाणु हथियारों के परीक्षण के भयानक और दुखद प्रभाव को दिखाया है। परमाणु शक्ति संपन्न देशों में तनाव बढ़ रहा है और दशकों तक विश्व को सुरक्षित बनाने वाली निरस्त्रीकरण और हथियारों पर नियंत्रण लगाने वाली संस्थाओं पर भी अब सवाल उठ रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र का जोर परमाणु हथियार मुक्त दुनिया पर

2 दिसंबर 2009 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64वें सत्र में 64/35 संकल्प को सर्वसम्मति से स्वीकृति मिलने के बाद 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया। इस संकल्प की प्रस्तावना में इस बात पर जोर दिया गया है कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्य पर विनाशकारी और हानिकारक प्रभावों को रोकने के लिए परमाणु परीक्षणों को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। इसके साथ ही इसमें परमाणु परीक्षणों को समाप्त करने के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में एक लक्ष्य परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के निर्माण पर भी जोर दिया गया। परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस उस घटनाक्रम की याद में मनाया जाता है, जब 29 अगस्त 1991 में कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण स्थल (सेमीपलातिंस्क न्यूक्लियर टेस्ट साइट) को बंद कर दिया गया था। सेमीपलातिंस्क वह स्थान है जो पूर्व सोवियत संघ में सबसे बड़ा खाली स्थान था, वहां 450 से भी ज्यादा परमाणु परीक्षण किए गए और उनके प्रभाव दशकों बाद तक भी महसूस किए जा सकते हैं।

वर्ष 2010 से परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उद्घाटन समारोह को चिन्हित किया गया और इसके बाद प्रत्येक वर्ष यह दिवस दुनिया भर में विभिन्न गतिविधियों का समन्वय करके मनाया जा रहा है। इस दिवस संगोष्ठी, सम्मेलन, प्रदर्शन, प्रतियोगिताओं, प्रकाशन, व्याख्यान, मीडिया प्रसारण और अन्य पहलें तथा गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

प्रमुख परमाणु परीक्षण एक नजर में

- परमाणु परीक्षण की शुरुआत 16 जुलाई 1945 से हुई। इस दिन न्यू मैक्सिको के आलमोगोर्डो में एक रेगिस्तान परीक्षण स्थल पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपना पहला परमाणु बम विस्फोट किया।
- 1945 से 1996 तक (जब तक सीटीबीटी संधि नहीं आई) दुनियाभर में 2000 से ज्यादा परमाणु परीक्षण किये गये। इनमें से 1032 परीक्षण संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 1945 से 1992 के बीच किये गये। सोवियत संघ द्वारा 715 परीक्षण 1949 से 1990 के बीच किये गये। यूनाइटेड किंगडम द्वारा 45 परीक्षण 1952 से 1991 के दौरान किये गये। फ्रांस द्वारा 210 परीक्षण 1960 से 1996 के बीच किये गये। चीन द्वारा 45 परीक्षण 1964 से 1996 के मध्य किये गये और भारत द्वारा 1 परीक्षण 1974 में किया गया।
- पानी के अंदर परमाणु परीक्षण पहली बार 1946 में अमेरिका द्वारा किया गया था। इस परीक्षण को 'ऑपरेशन क्रॉसरोड' नाम दिया गया था। ये परीक्षण प्रशांत महासागर क्षेत्र में नौसैनिक जहाजों को परमाणु समृद्ध बनाने के उद्देश्य से किया गया था।
- सतह के नीचे परीक्षण यानी अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्टिंग 1996 की संधि के बाद से प्रतिबंधित है। लेकिन शीत युद्ध (1945-1989) के दौरान लगभग 75 फीसदी परमाणु परीक्षण जमीन के

नीचे किये गये थे। इनमें से 800 से ज्यादा परीक्षण अमेरिका और 500 से ज्यादा परीक्षण सोवियत संघ द्वारा किये गये थे।

- एक नवंबर 1952 को संयुक्त राज्य अमेरिका हाइड्रोजन बम का परीक्षण करने वाला पहला देश बना था।

परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी)

परमाणु हथियारों के परीक्षण के उन्मूलन के लिए सीटीबीटी एक मुख्य तंत्र है। इसे 10 सितंबर 1996 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था। 184 देशों ने इस पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं और 168 देशों ने इसे औपचारिक रूप से मंजूरी भी दे दी है, लेकिन लगभग दो दशक पहले वजूद में आने के बावजूद भी ये संधि अभी लागू नहीं हो सकी है। इस संधि के तहत परमाणु परीक्षण गतिविधियों पर प्रतिबंध को लागू करने की निगरानी की जिम्मेदारी होगी, जिसके लिए ये संगठन वैश्विक स्तर पर एक निगरानी प्रणाली चलाएगा और स्थलों पर जाकर भी निरीक्षण करेगा। ये संधि तभी लागू हो सकेगी जब इसे चीन, लोकतान्त्रिक जन गणराज्य कोरिया (उत्तर कोरिया), मिस्र, भारत, ईरान, इसराइल, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका, इन आठ देशों से मंज़ूरी मिल जाए।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी)

परमाणु अप्रसार संधि का मुख्य उद्देश्य परमाणु हथियारों और परमाणु तकनीकों के प्रसार को रोकना, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग को बढ़ावा देने और परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को हासिल करना था। वर्ष 1970 में लागू हुई इस संधि पर अब तक लगभग 191 सदस्य देश मुहर लगा चुके हैं, जिनमें पांच परमाणु हथियार संपन्न देश भी शामिल हैं। वर्ष 1995 में इस संधि की समय-सीमा को अनिश्चितकालीन अवधि के लिए बढ़ा दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2020 फरवरी माह में परमाणु अप्रसार संधि के लागू होने के पचास वर्ष और इसकी अवधि अनिश्चितकालीन रूप से बढ़ा जाने के 25 वर्ष पूरे होने पर '2020 एनपीटी समीक्षा सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र अवर महासचिव और निरस्त्रीकरण मामलों पर उच्च प्रतिनिधि इज़ुमी नाकामित्सु ने कहा कि सम्मेलन की सफलता के लिए यह ज़रूरी है कि यहां मुद्दों व चुनौतियों पर रचनात्मक बहस हो।

कुछ संधियां और समझौते

- परमाणु और थर्मोन्यूक्लियर हथियारों के उपयोग पर प्रतिबंध की घोषणा (1961)
- वातावरण में सतह के बाहरी क्षेत्र में और पानी के नीचे परमाणु हथियार परीक्षण प्रतिबंध संधि (1963)
- परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि (NPT) (1968)
- सी-बेड, ओशन फ्लोर और उससे संबंधित उप-क्षेत्र पर परमाणु हथियारों और अन्य हथियारों के सामूहिक विनाश के निषेध पर संधि (1971)
- निरस्त्रीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर घोषणा (1979)
- परमाणु तबाही की रोकथाम पर घोषणा (1981)
- व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि संगठन के लिए संयुक्त राष्ट्र और प्रीपरेटरी आयोग के बीच संबंध को विनियमित करने के लिए समझौता (2000)
- रेडियोधर्मी स्रोतों से बचाव और सुरक्षा पर आचरण संहिता (2004)
- परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (2017)
- 22 जनवरी 2021 को परमाणु हथियार निषेध संधि (TPNW) औपचारिक रूप से लागू हुई।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- मई 1974 में एक शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण घोषित करने के बाद भारत आधिकारिक तौर पर परमाणु हथियार विकसित करने वाला छठवां राष्ट्र बना था।
- स्वीडन के एक शोध संस्थान स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि 2020 की शुरुआत में दुनिया भर में परमाणु हथियारों की संख्या 13,400 पर पहुंच गई है।
- रूस और अमेरिका के पास दुनिया के कुल परमाणु हथियारों का 90 प्रतिशत से भी ज्यादा भंडार है।
- 2019 में अमेरिका और रूस के बीच इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लियर फोर्सेज (आईएनएफ़) संधि दो अगस्त को समाप्त हो गई। यह संधि 1987 में वजूद में आई थी। 1987 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन और तत्कालीन सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखायल गोर्बाच्योव ने आईएनएफ संधि पर हस्ताक्षर किए थे।
- 2019 में ही ईरान का यूरेनियम संवर्धन स्तर 4.5 फीसदी के पार पहुंच गया था। यह 2015 में हुए परमाणु करार में तय की गई सीमा से ज्यादा था। ईरान ने कहा था कि वह 2015 में हुए परमाणु समझौते में तय की गई 3.67 फीसदी की संवर्धन सीमा का अब पालन नहीं करेगा।
- वर्ष 1946 में सबसे पहले महासभा प्रस्ताव का विषय परमाणु निरस्त्रीकरण ही था।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. **वर्ष 2019 में किस देश ने बास्केटबॉल वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) अमेरिका (ब) स्पेन
(स) सर्बिया (द) अर्जेंटीना
2. **आइस हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी खेलते हैं?**
(अ) छः (ब) सात
(स) नौ (द) दस
3. **रग्बी सेवंस को किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में जगह मिली थी?**
(अ) वर्ष 2008
(ब) वर्ष 2016
(स) वर्ष 2020
(द) इनमें से कोई नहीं
4. **इनमें से किस देश को वर्ष 2026 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है?**
(अ) भारत (ब) डेनमार्क
(स) जापान (द) मलेशिया
5. **हाल ही में इनमें से किस जर्मन फुटबॉलर ने संन्यास लिया है?**
(अ) मैट्स हमेल्स
(ब) मैनुएल नूएर
(स) टोनी क्रूस
(द) जोशुआ किमिच
6. **इस वर्ष विम्बलडन में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(ब) एंजेलिक कर्बर
(स) आर्यना सबालेंका
(द) एश्ले बार्टी
7. **अमेरिकी खिलाड़ी डस्टिन जॉनसन किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) टेनिस (ब) तैराकी
(स) गोल्फ (द) बास्केटबॉल
8. **इनमें से किस वर्ष अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) वर्ष 1970 (ब) वर्ष 1986
(स) वर्ष 1990 (द) वर्ष 1998
9. **वर्ष 2017 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?**
(अ) क्यूबा (ब) कोलंबिया
(स) उज्बेकिस्तान (द) जर्मनी
10. **इनमें से कौन-सा देश टोक्यो ओलिंपिक-2020 में पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है?**
(अ) अमेरिका (ब) चीन
(स) जापान (द) ऑस्ट्रेलिया
11. **वर्ष 2020 में किस टीम को हराकर मुंबई इंडियंस ने आईपीएल का खिताब जीता था?**
(अ) कोलकाता नाइटराइडर्स
(ब) चेन्नई सुपर किंग्स
(स) दिल्ली कैपिटल्स
(द) सनराइजर्स हैदराबाद
12. **इनमें से कौन-सा टर्म बैडमिंटन से संबंधित नहीं है?**
(अ) गेम प्वाइंट (ब) स्मैश
(स) बेस लाइन (द) हूप्स
13. **किस देश ने सबसे ज्यादा बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की है?**
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जमैका (द) कनाडा
14. **इनमें से किस देश का राष्ट्रीय खेल बेंडी है?**
(अ) रूस (ब) कनाडा
(स) सर्बिया (द) यूक्रेन
15. **टोक्यो ओलिंपिक-2020 में फुटबॉल में पुरुष स्पर्धा का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?**
(अ) मैक्सिको (ब) स्पेन
(स) ब्राजील (द) इटली
16. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी ने पेरिस मास्टर्स में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता था?**
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) रोजर फेडरर
(स) एंडी मरे
(द) नोवाक जोकोविच
17. **इनमें से किस खिलाड़ी ने वर्ष 2020 में मोटो जीपी वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) एंड्रिया डोविजिओसो
(ब) जैक मिलर
(स) जोआन मिर
(द) एलेक्स रिंस
18. **सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न सम्मान किस वर्ष दिया गया था?**
(अ) वर्ष 2011 (ब) वर्ष 2014
(स) वर्ष 2015 (द) वर्ष 2017
19. **कमलप्रीत कौर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) तीरंदाजी (ब) कुश्ती
(स) एथेलेटिक्स (द) भारोत्तोलन
20. **वर्ष 2020 में किस कार रेसर ने रशियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीती थी?**
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) वाल्टेरी वोटास
(स) कार्लोस सैंज
(द) इनमें से कोई नहीं
21. **अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में कितने गोल किए हैं?**
(अ) 76 (ब) 78
(स) 81 (द) 102
22. **भारत ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 में कुल कितने पदक जीते हैं?**
(अ) 04 (ब) 07
(स) 12 (द) 14
23. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 7 हजार रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं?**
(अ) बेलिंडा क्लार्क
(ब) सारा टेलर
(स) मिताली राज (द) सूजी बेट्स
24. **एशियाई खेलों में रोलर स्पोर्ट्स पहली बार कब शामिल किए गए थे?**
(अ) वर्ष 2002 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2014
(द) इनमें से कोई नहीं
25. **इनमें से कौन-सा गोलकीपर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करता है?**
(अ) जॉर्डन पिकफोर्ड
(ब) एलिसन
(स) इकेर कैसिलास
(द) थिआबाउट कोर्टाइस

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (स), 6. (द), 7. (स), 8. (ब), 9. (द), 10. (अ), 11. (स), 12. (द), 13. (ब), 14. (अ), 15. (स), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

भाला फेंक रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे नीरज चौपड़ा

पेरिस, टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत के भाला फेंक एथलीट

नीरज चौपड़ा की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। हाल ही में जारी वर्ल्ड एथेलेटिक्स रैंकिंग में नीरज चौपड़ा 14 स्थान के सुधार के साथ दूसरे स्थान पर आ गये हैं। नीरज को रैंकिंग में 1315 रेटिंग अंक मिले हैं। ये नीरज के अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इससे पहले उनकी कॅरियर बेस्ट रैंकिंग चार थी। रैंकिंग में अब नीरज से आगे जर्मनी के जोहनस वेटर हैं, जो पहले स्थान पर काबिज हैं। वेटर ने 1396 रेटिंग अंक प्राप्त किये हैं।

टोक्यो पैरालिंपिक के लिये भारतीय दल रवाना

नई दिल्ली, टोक्यो में इसी महीने आयोजित होने वाले पैरालिंपिक खेलों के भारतीय एथलीटों का दल रवाना हो गया है। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 54 पैरा एथलीटों के दल को रवाना करते हुये कहा कि टोक्यो ओलिंपिक की तरह पैरालिंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। टोक्यो पैरालिंपिक 24 अगस्त से पांच सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान भारतीय एथलीट नौ स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। पैरालिंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में मरियप्पन थंगावेलू भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

अफगानिस्तान ने ट्वेंटी-20 विश्वकप में खेलने की पुष्टि की

काबुल, अफगानिस्तान में तालिबान शासन की वापसी के बाद छाई अनिश्चितता के बीच अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने कहा है कि अफगानिस्तान की टीम इस वर्ष के अंत में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में भाग लेगी। एसीबी के मीडिया मैनेजर हिकमत हसन ने कहा कि ट्वेंटी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान के शामिल होने को लेकर कोई शंका नहीं है। बोर्ड ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारियों के लिये अफगान टीम को ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज भेजने पर विचार कर रहा है। हसन ने कहा कि हमारे खिलाड़ी ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारी के लिये अगले कुछ दिनों में ट्रेनिंग के लिये काबुल लौटेंगे।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार कार्यक्रम किया गया स्थगित

नई दिल्ली, भारत में हर वर्ष 29 अगस्त को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह इस वर्ष देरी से आयोजित होगा। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये चयन पैनल गठित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जापान में 24 अगस्त से 5 सितम्बर तक पैरालिंपिक खेल आयोजित होने हैं। हम राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में पैरालिंपिक में भाग लेने वाले एथलीटों को भी शामिल करना चाहते हैं। इसलिये राष्ट्रीय खेल पुरस्कार देरी से आयोजित होंगे।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

भारत ने लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड को हराया

लंदन, भारत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सत्र की शुरुआत जीत के साथ की है। भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर हराया है। भारत ने लॉर्ड्स टेस्ट को 151 रनों से जीता है। भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। स्विंग और उछाल भरी पिच पर भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने मजबूत शुरुआत की और पहले विकेट के लिये 126 रन की साझेदारी की। रोहित शर्मा ने 83 रन बनाये, जबकि के.एल. राहुल ने 129 रनों की शतकीय पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। भारतीय टीम ने पहली पारी में 364 रन बनाये। इंग्लैंड के लिये एंडरसन ने सर्वाधिक 5 विकेट लिये।

पहली पारी में इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। 23 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के दो विकेट गिर गये। इसके बाद रोरी बर्न्स (49) और जो रूट ने पारी को संभाला। जो रूट ने नाबाद 180 रनों की पारी खेली। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो ने 57 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड ने पहली पारी में 391 रन बनाये और 27 रनों की बढ़त हासिल की। भारत के लिये मोहम्मद सिराज ने 4, ईशांत शर्मा ने 3 तथा मोहम्मद शमी ने 2 विकेट लिये।

दूसरी पारी में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। 55 रन के स्कोर तक भारत ने के.एल. राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली के विकेट खो दिये थे। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने पारी को संभाला। इन दोनों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारत के 8 विकेट 209 रन पर गिर गये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोहम्मद शमी (56) और जसप्रीत बुमराह (34) ने तेजी से रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिये 89 रनों की नाबाद साझेदारी की। भारत ने 298 रन पर पारी घोषित की।

इंग्लैंड को मैच के आखिरी दिन 64 ओवरों में जीत के लिये 272 रनों का लक्ष्य मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये। भारतीय तेज गेंदबाजों की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने जो रूट के अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक पाया। 51.5 ओवरों में 120 रन के स्कोर पर इंग्लैंड की पूरी टीम ऑलआउट हो गई। भारत के लिये मोहम्मद सिराज ने 4, जसप्रीत बुमराह ने 3, ईशांत शर्मा ने 2 तथा मोहम्मद शमी ने 1 विकेट लिया। पहली पारी में शतक बनाने वाले के.एल. राहुल मैन ऑफ द मैच चुने गये।

- **लॉर्ड्स मैदान पर भारत ने तीसरी बार टेस्ट मैच जीता है। इससे पहले भारत वर्ष 1986 और 2014 में जीता है लॉर्ड्स टेस्ट।**
- **आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सत्र में भारत की यह पहली जीत है।**
- **चैंपियनशिप में भारत के अलावा वेस्टइंडीज भी जीत चुकी है एक टेस्ट मैच।**
- **विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट के चौथे सबसे सफल कप्तान बन गये हैं।**
- **कोहली की कप्तानी में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में 63 मैचों में 37 मैच जीते हैं। अब कोहली से आगे ग्रीम स्मिथ (53), रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) हैं।**

उन्मुक्त चंद ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, अपनी कप्तानी में भारत को वर्ष 2012 में अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप का खिताब दिलाने वाले बल्लेबाज उन्मुक्त चंद ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्मुक्त चंद अब अमेरिका में क्रिकेट खेलेंगे। उन्मुक्त ने अंडर-19 विश्वकप-2012 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रनों की पारी खेली थी। उन्मुक्त इंडिया-23 और इंडिया-ए टीम के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्मुक्त को एक समय बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जा रहा था, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्मुक्त अपने प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख पाये। आईपीएल में भी उन्मुक्त अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित नहीं कर सके। उन्मुक्त अब अमेरिका की माइनर क्रिकेट लीग में सिलिकॉन वैली स्ट्राईकर्स के लिये खेलेंगे।

मध्यप्रदेश के अमित ने युवा तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक

रॉकलों, मध्यप्रदेश तीरंदाजी अकादमी के अमित कुमार ने पोलैंड में आयोजित विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। अमित ने भारत को पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय टीम में अमित के अलावा विशाल चंगमय और विक्की कुशाल भी थे। भारतीय टीम ने इस स्पर्धा में फ्रांस को 5-1 से हराया। विश्व युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों ने आठ स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य सहित 15 पदक जीते और पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। यह टूर्नामेंट में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की युवा तीरंदाज कोमालिका बारी ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को एक विकेट से हराया

जमैका, वेस्टइंडीज ने बेहद रोमांचक टेस्ट मैच में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया है। वेस्टइंडीज के पुछल्ले बल्लेबाजों ने मैच के अंत तक जीत के लिये प्रयास किया और सफलता हासिल की।

मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पहली पारी में महज 217 रनों पर आउट कर दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 253 रन बनाये। वेस्टइंडीज के लिये कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने सर्वाधिक 97 रनों की पारी खेली। ब्रेथवेट के अलावा पूर्व कप्तान जेसन होल्डर (58) ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 36 रन की बढ़त हासिल की।

दूसरी पारी में भी पाकिस्तानी बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम (55) और आबिद अली (34) की उपयोगी पारियों की बदौलत दूसरी पारी में 203 रन बनाये और वेस्टइंडीज के सामने 168 रनों का लक्ष्य रखा। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैरिबियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। वेस्टइंडीज के 3 विकेट महज 16 रन के स्कोर पर गिर गये। इसके बाद जर्मेन ब्लैकवुड ने रोस्टन चेज के साथ पारी को संभाला। ब्लैकवुड अर्धशतक बनाकर पवेलियन लौट गये। 114 रन के स्कोर पर वेस्टइंडीज के 7 विकेट आउट हो गये थे। इसके बाद केमर रोच (30) ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ उपयोगी साजेदारी कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज के गेंदबाज जायडेन सील्स को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सील्स ने पहली पारी में 3 तथा दूसरी पारी में 5 विकेट लिये थे।

शाकिब अल हसन बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जुलाई महीने के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के नाम की घोषणा कर दी है। बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा गया है।

आईसीसी ने जुलाई में प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये शाकिब के अलावा ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और वेस्टइंडीज के हेडन वॉल्श जूनियर को नॉमिनेट किया था। शाकिब ने जुलाई में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट, वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

ट्वेंटी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में बने नंबर वन

शाकिब अल हसन बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि विश्व के बेहतरीन ऑलराउंडर माने जाते हैं। शाकिब ने आईसीसी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।

शाकिब 286 रेटिंग अंक लेकर पहले स्थान पर काबिज हैं।

स्टेफनी टेलर बनीं प्लेयर ऑफ द मंथ

आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिये चुना है। स्टेफनी के अलावा हेयली मैथ्यूज और पाकिस्तान की फातिमा सना को भी नॉमिनेट किया गया था। स्टेफनी की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज में हराया था।

यूएफा सुपर कप

चेल्सी ने 23 वर्ष बाद जीता खिताब

बेलफास्ट, इंग्लिश फुटबॉल क्लब चेल्सी यूएफा सुपर कप का चैंपियन बन गया है। चेल्सी ने सुपर कप के फाइनल में स्पेनिश क्लब विलारियल को रोमांचक मुकाबले में पेनाल्टी शूट आउट के जरिये 6-5 से हराया।

मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच के 27वें मिनट में चेल्सी के हाकिम जियेच विलारियल की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदकर गोल करने में सफल रहे। मैच के पहले हाफ में चेल्सी की टीम 1-0 से आगे रही।

दूसरे हाफ में भी चेल्सी ने आक्रमक रणनीति के तहत शुरुआत की, लेकिन विलारियल की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें रोके रखा। मैच के 73वें मिनट में विलारियल को बराबरी हासिल करने का अवसर मिला। विलारियल के गेरार्ड मोरेनो इस अवसर को गोल में तब्दील करने में सफल रहे। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये, लेकिन स्कोर 1-1 ही रहा।

पेनाल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला

अतिरिक्त समय में भी मैच 1-1 से बराबर रहने के बाद विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। चेल्सी के मैनेजर थॉमस हचेल ने पेनाल्टी शूटआउट को देखते हुये एडवर्ड मेंडी की जगह केपा अरिजाबालागा को गोलकीपर बनाया। अरिजाबालागा ने पेनाल्टी शूटआउट में विलारियल के दो गोल रोककर चेल्सी को 6-5 से जिता दिया।

- **चेल्सी ने दूसरी बार जीता है यूएफा सुपर कप। इससे पहले चेल्सी वर्ष 1998 में बना था चैंपियन।**
- **बार्सिलोना और मिलान ने सर्वाधिक 5-5 बार जीता है यूएफा सुपर कप।**

मेदवेदेव ने जीता कनाडा मास्टर्स का खिताब

टोरंटो, रूस के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने कनाडा मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मेदवेदेव ने अमेरिका के रीली ओपेल्का को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। मेदवेदेव ने यह मुकाबला महज 87 मिनट में जीत लिया। मेदवेदेव 21 वर्ष बाद कनाडा मास्टर्स जीतने वाले पहले रशियन खिलाड़ी हैं, इससे पहले रूस के मरात साफिन ने वर्ष 2000 में कनाडा मास्टर्स टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता था। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब इटली की केमिला जिआर्गी ने जीता। केमिला ने फाइनल में चेक गणराज्य की केरोलिना प्लिस्कोवा को 6-3, 7-5 से हराया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

= भारत-अमेरिका =

निरंतर बढ़ रहे संबंध

अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधु ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। दोनों ही देशों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण परिवर्तन और रक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में अधिक सहयोग करने की जरूरत है।

भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर संधू ने इंडिया हाउस में आयोजित एक समारोह में कहा कि भारत की अमेरिका के साथ समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के लोगों के विकास और समृद्ध की अहम कुंजी होगी।

दोनों देशों की अहम भूमिका व्यापक पैमाने पर वैश्विक स्तर की भी होगी। कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भारतीय राजदूत ने अपने आधिकारिक निवास इंडिया हाउस में ध्वजारोहण किया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद कहा कि द्विपक्षीय संबंध पुख्ता होते जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री का राष्ट्र को संबोधन

भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से कोई भी बाधा रोक नहीं सकती

75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना में हमारे डॉक्टर, हमारी नर्सेस, हमारे पैरामेडिकल स्टाफ, हमारे सफाइकर्मी, वैक्सीन बनाने में जुटे हमारे वैज्ञानिक आदि सभी वंदन के अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि अब हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाएगा। आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का तय होना, विभाजन की त्रासदी झेलने वाले लोगों को हर भारतवासी की तरफ से आदरपूर्वक श्रद्धांजलि है।

वैक्सीनेशन प्रोग्राम

प्रधानमंत्री ने कहा हम गर्व से कह सकते हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम हमारे देश में चल रहा है। 54 करोड़ से ज्यादा लोग वैक्सीन डोज लगवा चुके हैं।

सबका विकास

पहले की तुलना में हम बहुत तेजी से आगे बढ़े हैं। लेकिन हमें सैचुरेशन (saturation) तक जाना है, पूर्णता तक जाना है। शत-प्रतिशत गांवों में सड़के हों, शत-प्रतिशत परिवारों के बैंक अकाउंट हों, शत-प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान भारत का कार्ड हो, शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के उज्ज्वला योजना और गैस कनेक्शन हों।

स्वनिधि योजना

पटरी और फुटपाथ पर बैठकर सामान बेचने वाले, ठेला चलाने वाले साथियों को स्वनिधि योजना के जरिए बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है।

जल-जीवन मिशन

मुझे खुशी है कि जल-जीवन मिशन के सिर्फ दो वर्ष में साढ़े चार करोड़ से ज्यादा परिवारों को नल से जल मिलना शुरू हो गया है।

ग्रामीण भारत

आज हम अपने गांवों को तेजी से परिवर्तित होते देख रहे हैं। बीते कुछ वर्ष, गांवों तक सड़क और बिजली जैसी सुविधाओं को पहुंचाने में रहे हैं। अब गांवों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, डेटा की ताकत पहुंच रही है, इंटरनेट पहुंच रहा है। गांव में भी डिजिटल आंत्रप्रेन्योर तैयार हो रहे हैं।

किसान

छोटा किसान बने देश की शान, ये हमारा सपना है। आने वाले वर्षों में हमें देश के छोटे किसानों की सामूहिक शक्ति को और बढ़ाना होगा। उन्हें नई सुविधाएं देनी होंगी। देश के 80 प्रतिशत से ज्यादा किसान ऐसे हैं, जिनके पास 2 हेक्टेयर से भी कम जमीन है। अब इन्हीं छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जा रहे हैं। आज देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर, किसान रेल चल रही है। छोटे किसान, किसान-रेल के जरिए अपने उत्पाद ट्रांसपोर्टेशन के कम खर्च पर दूर-दराज के इलाकों में पहुंचा सकते हैं।

भारत बदल रहा है

आज कोरोना के इस दौर में भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आ रहा है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है। सर्जिकल स्ट्राइक और एअर स्ट्राइक करके भारत ने देश के दुश्मनों को नये भारत के सामर्थ्य का संदेश भी दे दिया है। भारत बदल रहा है। भारत कठिन से कठिन फैसले भी ले सकता है और कड़े से कड़े फैसले लेने में भी भारत झिझकता नहीं है, रुकता नहीं है।

विजन-2047

उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि जब 2047, आजादी का स्वर्णिम उत्सव, उस समय जो भी प्रधानमंत्री होंगे, वे अपने भाषण में जिन सिद्धियों का वर्णन करेंगे वो सिद्धियां वही होंगी जो आज देश संकल्प कर रहा है, ये मेरा विश्वास है।

राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम

21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से कोई भी बाधा रोक नहीं सकती। हमारी ताकत हमारी एकजुटता है। हमारी प्राणशक्ति, राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना है।

= चन्द्रयान-दो =

वैज्ञानिकों ने ऑर्बिटर के आंकड़ों का किया विश्लेषण

चंद्रयान मिशन में भारत को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अब हमारे विज्ञानी पुख्ता रूप से यह कहने की स्थिति में हैं कि चांद पर पानी है। चंद्रयान के ऑर्बिटर के इमेजिंग इंफ्रारेड स्पेक्टोमीटर (आईआईआरएस) की ओर से भेजे गए आंकड़ों व चित्रों के विश्लेषण में चांद की सतह पर हाइड्रोक्सिल (वाटर मॉलीक्यूल्स या पानी के अणु) व एचटूओ (पानी) के प्रमाण मिले हैं। यह अध्ययन चांद के रहस्य को जानने में जुटे विश्वभर के विज्ञानियों के लिए भी बड़ी उम्मीद बनता दिख रहा है।

2019 में लॉन्च किए गए चंद्रयान मिशन में यान के लैंडर व रोवर चांद की सतह पर उतरते समय क्षतिग्रस्त हो गए थे, लेकिन ऑर्बिटर अब भी चांद के ऊपर घूम रहा है। ऑर्बिटर के इमेजिंग इंफ्रारेड स्पेक्टोमीटर से जो आंकड़े मिल रहे हैं, उनका विश्लेषण देहरादून स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग

(आईआईआरएस) समेत देश के विभिन्न विज्ञानी कर रहे हैं। आईआईआरएस के निदेशक प्रकाश चौहान के मुताबिक, चांद पर पानी के संकेत 29 डिग्री नॉर्थ से लेकर 62 डिग्री नॉर्थ के बीच मिले हैं। जिस क्षेत्र में सूरज की रोशनी पड़ती है, वहां पानी के संकेत मिल रहे हैं। पानी की उपलब्धता की दिशा में स्पेस वेदरिंग अहम भूमिका निभा रही है। यह वह प्रक्रिया होती है, जब सौर हवाएं चांद की सतह पर टकराती हैं। साथ ही इस प्रक्रिया में कुछ अन्य कारक भी विभिन्न रासायनिक बदलाव कर पानी की उम्मीद को जन्म देते हैं।

= ब्लू हाइड्रोजन =

जीवाश्म ईंधन से ज्यादा नुकसानदेह है : शोध

जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जाती रही हैं।

- **ब्लू हाइड्रोजन ऊर्जा का एक ऐसा स्रोत है, जिसे बनाने की प्रक्रिया में प्राकृतिक गैस के मीथेन का इतेमाल होता है। इसके बारे में दावा किया जाता है कि यह ऊर्जा का स्वच्छ और हरित स्रोत है, जो ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में मदद करता है।**

इसलिए ऊर्जा के ऐसे विकल्प की तलाश हो रही है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का कारक नहीं होने के साथ ही हरित और स्वच्छ स्रोत हो। इसी क्रम में ब्लू हाइड्रोजन का एक विकल्प सामने आया। लेकिन अब कार्नेल तथा स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक नए शोध में बताया गया है कि ब्लू हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन के जलने की तुलना में जलवायु के लिए ज्यादा नुकसानदेह है। शोध का



निष्कर्ष 'एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित हुआ है।'

कार्नेल में इकोलॉजी एंड इन्वायरनमेन्टल बायोलॉजी के प्रोफेसर राबर्ट हावर्थ और स्टैनफोर्ड के सिविल एंड इन्वायरनमेन्टल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर मार्क जेड जैकबसन की शोध रिपोर्ट के अनुसार, ब्लू हाइड्रोजन बनाने में कार्बन फुटप्रिंट प्राकृतिक गैस या कोयला के सीधे इस्तेमाल की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा होता है। इतना ही नहीं डीजल के इस्तेमाल की तुलना में कार्बन फुटप्रिंट 60 फीसदी तक ज्यादा होता है। कार्बन फुटप्रिंट का मतलब किसी उत्पाद से कुल कार्बन उत्सर्जन होता है। यह उत्सर्जन कार्बन डाई-ऑक्साइड या ग्रीनहाउस गैसों के रूप में होता है। इसका आकलन ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के आधार पर किया जा सकता है।

ब्लू हाइड्रोजन बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत मीथेन को ताप, भाप और दवाब या ग्रे हाइड्रोजन के इस्तेमाल से हाइड्रोजन और कार्बन डाईऑक्साइड में बदले जाने से होती है। लेकिन यह कुछ और भी कार्बन डाईऑक्साइड को कैप्चर कर लेता है। जब सहउत्पाद (बाइप्रोडक्ट) कार्बन डाईऑक्साइड तथा अन्य अशुद्धियों को अलग कर लिया जाता है तो ब्लू हाइड्रोजन बनता है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, ब्लू हाइड्रोजन बनाने की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर ऊर्जा लगती है, जो सामान्य तौर पर प्राकृतिक गैस को जलाने से मिलती है।

अफगानिस्तान पर तालिबान ने किया कब्जा

अपनी क्रूरता के लिए पहचाने जाने वाले तालिबान के सत्ता पर काबिज होते ही काबुल में अफरा-तफरी मच गई है। लोग दहशत में हैं। तालिबान की तरफ से लोगों

- **अमेरिकी सेना ने हवाई अड्डे को अपने नियंत्रण में लिया, 6,000 जवान सुरक्षा में तैनात।**
- **तालिबान ने अफगानिस्तान में युद्ध के खत्म होने का किया ऐलान, कहा नई सरकार के स्वरूप की घोषणा जल्द।**
- **अमेरिका, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन समेत 60 देशों ने तालिबान से लोगों को देश से बाहर जाने देने को कहा।**
- **अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों ने काबुल में अपने दूतावास बंद किए।**

को जान, माल और सम्मान की सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है, लेकिन उन्हें यकीन नहीं हो रहा। लोग जान बचाने के लिए किसी भी तरह जल्द से जल्द

अफगानिस्तान छोड़ देना चाहते हैं। इसके चलते काबुल के अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। अमेरिकी सेना ने हवाईअड्डे को अपने नियंत्रण में ले लिया है और उसकी सुरक्षा में छह हजार जवानों को तैनात किया है। फिलहाल यहां से व्यावसायिक उड़ानों को रोक दिया गया है। अमेरिका ने दूसरे देशों से अफगानिस्तान के वायु क्षेत्र से बचने को कहा गया है।

तालिबान ने अफगानिस्तान में युद्ध खत्म होने का ऐलान किया है। तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रवक्ता मुहम्मद नईम ने कहा, अफगानिस्तान के लोगों और मुजाहिदीन के लिए आज का दिन अहम है।

अफगानिस्तान के हालात के लिए गनी जिम्मेदार - बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान के मौजूदा हालात के लिए वहां के राष्ट्रपति अशरफ गनी को जिम्मेदार ठहराया है। तालिबान के कब्जे के बाद दुनियाभर में आलोचना झेल रहे बाइडेन ने कहा कि गनी को अपने लोगों की मदद के लिए खड़ा होना चाहिए था, लेकिन वो बिना लड़े ही भाग गए। अमेरिका ने कभी हिम्मत नहीं हारी। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। बाइडेन ने सैनिकों को वापस बुलाने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि अमेरिका ने बहुत त्याग किया है और इसकी वजह से उसके संसाधनों पर असर पड़ रहा था।

सैनिकों को अपने लिए लड़ना होगा : बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अफगान सैनिकों को अपने लिए लड़ना

- **तालिबान के खिलाफ अभियान पर एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च कर चुका है अमेरिका।**
- **इस दौरान तीन लाख से अधिक अफगान बलों को प्रशिक्षित कर आधुनिक उपकरणों से किया गया लैस।**

चाहिए, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में कई शहर तालिबान के कब्जे में आ गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफगानिस्तान से सेना वापसी पर उन्हें कोई खेद नहीं है। बाइडेन ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, 'हमने 20 वर्षों में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च किए। हमने तीन लाख से अधिक अफगान बलों को प्रशिक्षित और आधुनिक उपकरणों से लैस किया। अब अफगान नेताओं को एक साथ आना होगा। उन्हें अपने लिए और अपने देश के लिए लड़ना होगा।'

भारतीयों को निकालने का काम शुरू

काबुल में तालिबान के कब्जे के बाद सिर्फ इसी शहर में ही नहीं, बल्कि पूरे अफगानिस्तान में हालात बहुत खराब हैं। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत ने भी वहां फंसे अपने नागरिकों को निकालने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी के तहत वायुसेना का एक सी-17 ग्लोबमास्टर विमान करीब 150 लोगों को लेकर भारत पहुंच गया है, भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि अफगानिस्तान में वह अपने नागरिकों और हितों की रक्षा की हरसंभव कोशिश करेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर।

मध्यप्रदेश शासन

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

विश्व मच्छर दिवस

दिनांक 20 अगस्त 2021

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

सावधान रहें, जानकारी रखें और मच्छर से फैलने वाली बीमारी से बचें

मध्यप्रदेश में वैक्टर जनित रोग अंतर्गत मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी एवं वाहक मच्छर...

मादा एनाफिलीज़ मच्छर

मलेरिया रोग का संक्रमण मादा एनाफिलीज़ मच्छर द्वारा फैलाया जाता है। यह मच्छर साफ, रुके हुए या धीमे बहते हुए पानी में पैदा होते हैं।

मादा एडीज़ मच्छर

डेंगू,चिकुनगुनिया, ज़ीका बीमारियों का संक्रमण एडीज़ मच्छर द्वारा फैलाया जाता है। यह मच्छर साफ, रुके हुए/कंटेनर में एकत्रित किये पानी में पैदा होते हैं।

मादा क्यूलेक्स मच्छर

फाइलेरिया, जापानीज़ एन्सेफेलाइटिस बीमारियों का संक्रमण क्यूलेक्स मच्छर द्वारा फैलाया जाता है। यह मच्छर गंदे/साफ, रुके हुए पानी में पैदा होते हैं।

मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए अपनायें कुछ सरल उपाय -

पानी के सभी बर्तन, टंकी इत्यादि को पूरी तरह ढंककर रखें। अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें।

हैण्डपंप के आसपास सीमेंट से पक्का फर्श व नाली बनवाएं। सप्ताह में एक बार कूलर, फूलदान, पशु व पक्षियों के पानी के बर्तन, हौदी को सुखाकर ही पानी भरें।

सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं मच्छरों के काटने से स्वयं का बचाव करें।

बुखार आने पर नज़दीकी शासकीय चिकित्सालय में जांच करायें एवं चिकित्सक के परामर्श अनुसार की दवा का सेवन करें।

M.P. Madhyam/101707/R-45850/2021

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जनहित में जारी
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

गर्भवती महिला के पोषण आहार का ध्यान रखने से बच्चे में होने वाली जन्मजात विकृतियों से बचाया जा सकता है...

- गर्भावस्था के दौरान पहले तीन माह में फोलिक एसिड की मात्र एक गोली का सेवन प्रतिदिन करने से नवजात शिशु में जन्मजात विकृति होने की संभावना में कमी आती है।
- प्रसूताओं को नि:शुल्क संस्थागत प्रसव, दवाईयां, जांच, भोजन, रक्त सुविधा, परिवहन एवं बीमार नवजात शिशुओं को भी नि:शुल्क जांच एवं उपचार, दवाईयां, परिवहन (घर से स्वास्थ्य संस्था एवं रेफर किये जाने तक) दिया जाता है।
- फोलिक एसिड की गोली सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है।

ध्यान रखें डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न खावें

अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता/आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

M.P. Madhyam/101690/R-45845/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।